उज्जैन
गुरुवार
14
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-190
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



तलाक की चर्चा पर मौनी रॉय ने तोड़ी चुप्पी बोलीं- हमें प्राइवेसी दें, गलत खबरें न फैलाएं सोशल मीडिया पर पति को अनफॉलो किया

पेज- 8




# यूपी में आंधी और तूफान से 94 लोगों की मौत

## 80 किलोमीटर की आंधी में युवक उड़ा, राजस्थान में गर्मी का रेड अलर्ट, मध्यप्रदेश भी हीटवेव की चपेट में

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ लखनऊ/भोपाल

देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 94 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 17 मौतें प्रयागराज और 16 मौतें भदोही में हुईं।

यहां 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक युवक टीनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4 डिग्री रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।



राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है।

वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 45.4 डिग्री रहा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में वार्म नाइट का भी अलर्ट है।

इधर, हरियाणा के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.1 डिग्री बढ़ोतरी हुई। राज्य के 5 शहरों में 40 डिग्री से ज्यादा रहा, इनमें नारनौल 42.5 डिग्री रहा। राज्य में 17 मई से हीटवेव का यलो अलर्ट है। बिहार के पूर्णिया-कटिहार समेत 7 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है।

# 25 मई से होगी नौतपा की शुरूआत

## कुछ स्थानों पर वेग से आंधी आने के भी योग

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस वर्ष 25 मई से नौतपा की शुरूआत होने जा रही है, जो अगले 9 दिनों तक यानी 2 जून तक रहेगी। जिससे आम जनजीवन प्रभावित होगा। नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी पड़ती है, वर्षा के योग उतने बढ़िया बनते हैं। नवतपा की तपिश से विद्वान आने वाली बारिश की अटकले लगाते हैं।




ज्येष्ठ महीने का भारतीय संस्कृति और ज्योतिष शास्त्र में बहुत महत्व है। इसी महीने में बड़े मंगलवार भी आते हैं। इसी महीने सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं और नौतपा शुरू हो जाता है, जिसकी अपनी एक अलग महत्व है। वैसे तो नौतपा का पूरा सर्कल यानी गोचर 15 दिन का होता है लेकिन इसे नौतपा इसलिए कहा जाता है  क्योंकि इन 9 दिन में धरती में प्रचंड गर्मी पड़ती है और देश के अनेक भागों में लू व धूल भरी आंधी चलती है। धरती का तापमान तेजी से बढ़ जाता है और गर्मी अपने पूरे तेवर दिखाना शुरू कर देती है। वर्ष 2026 में गर्मी का प्रकोप झुलसा देगा। ये अच्छी वर्षा की तरफ इशारा करता है। कुछ स्थानों पर वेग से आंधी आने के भी योग हैं। अन्य दिनों में रिमझिम-रिमझिम पानी की बूंदों से मौसम काफी सुहाना रहेगा। किसानों के लिए ऐसा मौसम किसी बहार से कम नहीं होगा। अच्छे खाद्यान्न उत्पादन के योग हैं।

### नौतपा के दौरान करें ये काम

- **जल दान-** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दान का महत्व हर धर्म में बताया गया है, लेकिन नौतपा के दौरान जल का दान विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। इस अवधि में तेज धूप और लू के कारण लोगों को अधिक प्यास लगती है। ऐसे में जरूरतमंदों को पानी पिलाना एक बड़ा पुण्य कार्य माना गया है। राह चलते लोगों को ठंडा पानी पिलाना, सार्वजनिक स्थानों पर पानी की व्यवस्था करना, प्यासे को पानी देने से कभी इन्कार न करना। ये सभी कार्य मानवीय सेवा के साथ-साथ धार्मिक दृष्टि से भी शुभ माने जाते हैं।
- **मेंहदी लगाना-** नौतपा के दिनों में महिलाओं द्वारा हाथ-पैरों में मेंहदी लगाने की परंपरा भी लंबे समय से चली आ रही है। मान्यता है कि मेंहदी की तासीर ठंडी होती है, जो शरीर को गर्मी से राहत देती है। पुरानी परंपराओं के अनुसार मेंहदी शरीर के तापमान को संतुलित करने में मदद करती है। तेज धूप और लू के असर को कम करने में सहायक होती है। इससे त्वचा को ठंडक और आराम मिलता है।

# एमपी में कांग्रेस संगठन की खुद समीक्षा करेंगे राहुल गांधी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

एमपी में विधानसभा चुनाव में भले ही ढ़ाई साल का वक्त बाकी हो लेकिन, कांग्रेस अब चुनाव में मजबूती से उतरने के लिए संगठन तैयार करने पर फोकस कर रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद एमपी में संगठन की समीक्षा करेंगे। अगले महीने उज्जैन और रीवा संभाग में राहुल गांधी खुद अब तक के कामों और संगठन की समीक्षा करेंगे। अगले महीने जून में एमपी के संगठन सृजन अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। पिछले साल 3 जून को भोपाल के रवीन्द्र भवन से राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद कांग्रेस ने देश भर के अलग-अलग नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर जिला अध्यक्षों के नाम चुने गए थे। कैम्पेन की लॉन्चिंग के 74 दिन बाद 16 अगस्त को सभी 71 जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा हुई थी। एमपी संगठन में की गई नियुक्तियों के बाद अब राहुल गांधी संभागवार समीक्षा में किसी भी स्तर के पदाधिकारी से सवाल-जवाब कर सकते हैं। राहुल समीक्षा के दौरान किसी भी बूथ समिति, पंचायत, वार्ड समिति में शामिल सदस्य से मोबाइल पर बात करके भी वेरिफिकेशन और अब तक किए गए कामों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

## कर्नाटक स्कूलों में हिजाब बैन का आदेश वापस, 2022 में रोक लगी थी

# नए आदेश में कलावा, रुद्राक्ष और जनेऊ की भी अनुमति

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने स्कूल और कॉलेजों में हिजाब बैन वाले 2022 के फैसले को वापस ले लिया है। नए आदेश के तहत स्टूडेंट्स को हिजाब के अलावा कलावा, रुद्राक्ष और जनेऊ की भी अनुमति दी गई है। बशर्ते ये स्कूल के अनुशासन और नियमों के तहत हों।

कर्नाटक की तत्कालीन बीजेपी सरकार ने फरवरी 2022 में एक आदेश जारी किया था। जिसके तहत सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों में छात्रों को निर्धारित यूनिफॉर्म का पालन करना अनिवार्य किया गया।



आदेश में कहा गया था कि ऐसे कपड़े पहनने की अनुमति नहीं होगी जो 'समानता, एकता और सार्वजनिक व्यवस्था' को प्रभावित करें। इसी आदेश के बाद कई सरकारी शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनकर क्लॉस में इंट्री पर रोक लग गई थी। कर्नाटक के उडुपी जिले के एक कॉलेज में 31 दिसंबर 2021 को 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने से रोक दिया गया था, जिसके बाद वे धरने पर बैठ गईं। यह विवाद राज्य के बाकी हिस्सों में भी फैल गया। इसके बाद हिंदू संगठनों से जुड़े छात्रों ने बदले में भगवा शॉल पहनकर कॉलेज आना शुरू कर दिया। हिंसा हुई तो फरवरी 2022 में राज्य सरकार ने स्कूल-कॉलेजों में सभी तरह के धार्मिक पहचान वाले कपड़े पहनने पर रोक लगा दी। आदेश में कहा गया था कि कोई भी कपड़ा जो समानता, अखंडता और सार्वजनिक कानून व्यवस्था को परेशान करेगा, उसे पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस आदेश को लेकर जमकर बवाल हुआ था।

### मार्च 2022 में हाईकोर्ट पहुंचा मामला

मार्च 2022 में कर्नाटक हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश को सही ठहराया और कहा कि इस्लाम में हिजाब अनिवार्य धार्मिक प्रथा साबित नहीं हुआ। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अक्टूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच में विभाजित फैसला आया। एक जज ने बैन हटाने की बात कही, दूसरे ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

## असम पुलिस ने पवन खेड़ा से 10 घंटे पूछताछ की, आज फिर बुलाया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा से बुधवार को असम पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब 10 घंटे पूछताछ की। मामला असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दिल्ली और गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ये आरोप लगाए थे। इसके बाद रिनिकी भुइयां सरमा ने पवन के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई थी इसके बाद 7 अप्रैल को असम पुलिस ने खेड़ा के दिल्ली स्थित घर पर रेड की थी। पवन से इसी मामले में आज फिर पूछताछ होगी। कांग्रेस नेता ने कहा- मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। सहयोग करना मेरा कर्तव्य है, क्योंकि एक संविधान है और मैं उसका पालन करूंगा।



## अमूल दूध 2 लीटर महंगा हुआ, मदर डेयरी ने भी 2 लीटर रेट बढ़ाए

**नई दिल्ली।** अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार (14 मई) से लागू हो गए हैं। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। अमूल का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5% से 3.5% के बीच है। अमूल ने मई 2025 के बाद पहली बार दूध के दाम बढ़ाए हैं। वहीं मदर डेयरी ने इससे पहले दूध की कीमतों में अप्रैल 2025 में बढ़ोतरी की थी। को-ऑपरेटिव के मुताबिक, दूध के प्रोडक्शन और ऑपरेशनल खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पशु चारे की बढ़ती कीमत और ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ने की वजह से समय-समय पर दूध की कीमतों में बदलाव करना पड़ता है।

## अब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं, हमारी सेना पूरी तरह तैयार

**तेल अवीव।** ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमी निया ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के साथ जंग के बाद अब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना और सुरक्षा बल पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि अमेरिका के साथ युद्धविराम काफी कमजोर है। अकरमी निया ने बताया कि होर्मुज के पश्चिमी हिस्से पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नेवी का कंट्रोल है, जबकि पूर्वी हिस्से की जिम्मेदारी ईरान की रेगुलर नौसेना संभाल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सेना ने दुश्मन को उसके किसी भी मकसद में सफल नहीं होने दिया।



## खबर एक नजर...

### चार दिन बाद पूणे में मिली 13 साल की लापता बालिका

**उज्जैन।** पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम पादरी बलड़ा की रहने वाली 13 साल की बालिका 8-9 मई की रात अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने मामले की शिकायत चौकी पर दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि बालिका पूणे में है। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने पूणे पुलिस से संपर्क कर बालिका को दस्तयाब किया। जिसे मंगलवार रात उज्जैन लाया गया। बालिका के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि मां के डांटने पर वह घर से निकल गई थी। पानबिहार से बस में उज्जैन आई और फिर नागदा पहुंची, जहां से ट्रेन में सवार होकर पूणे पहुंची थी। पूर्व में भी माता-पिता के साथ पूणे में मजदूरी कर चुकी थी। चौकी प्रभारी के अनुसार बालिका के बुधवार को कोर्ट में बयान दर्ज कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### जिलाबदर अशोक जाट की याचिका पर सुनवाई 15 को

**उज्जैन।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक जाट ने जिला बदर की कार्रवाई के खिलाफ मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर स्टे देने की अपील की। जाट ने सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जाट की याचिका पर हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 15 मई तय की। दरअसल, कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने 6 मई को अशोक जाट को छह माह के लिए जिलाबदर के आदेश जारी किए थे। गौरतलब है जाट समाज ने कार्रवाई के विरोध में 11 मई को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया था। समाजजन ने कलेक्टर ऑफिस के बाहर बैरिकेड्स पर ज्ञापन चिपकाया था। उन्होंने 21 मई तक जिलाबदर की कार्रवाई निरस्त करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा था 21 मई के बाद समाज हाइवे पर चक्काजाम करेंगे।

### सेवानिवृत्त सैनिक अब करेंगे जन सेवा, गांव को बनाएंगे आदर्श

**उज्जैन।** राष्ट्र सेवा के 24 साल पूरे कर गृह ग्राम लौटे सेवानिवृत्त सैनिक कमलेश पटेल ने अब जन सेवा का संकल्प लिया है। सोमवार रात राजपुरा के रेणुका माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं के बीच अपना विजन साझा किया। पटेल ने कहा अब उनका लक्ष्य क्षेत्र के हर गांव को 'आदर्श गांव' बनाना है। उन्होंने सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने, स्वच्छता अभियान को गति देने और गरीब, मजदूर व किसानों की समस्याओं के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की बात कही। उन्होंने युवाओं से एकजुट होकर विकास कार्यों में सहयोग की बात कही।

### श्रीनाथजी की हवेली में 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव 17 मई से

**उज्जैन।** शहर के ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में 17 मई से 15 जून 2026 तक 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः और संध्याकाल में ठाकुरजी के विविध मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन नि. ली. गो. श्री विट्ठलेशरायजी महाराजश्री की बहूजी गो. श्री रुकमणी बहूजी महाराज की आज्ञा से संपन्न होगा। पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय में अधिक मास का विशेष माहात्म्य है। वल्लभ वैष्णव मंडल के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी और श्री महाप्रभुजी बैठक के ट्रस्टी विठ्ठल नागर ने बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा 365 दिन 6 घंटे में पूर्ण करती है, जबकि चंद्रमा आधारित कालचक्र 355 दिन का होता है। इस खगोलीय स्थिति के कारण हर ढाई से तीन वर्ष में लगभग 30 दिनों का एक माह अतिरिक्त हो जाता है, जिसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। हिंदू कैलेंडर में इस अधिक मास की कोई निश्चित स्थिति नहीं होती है; यह कभी सावन, कभी वैशाख, कभी भादवा तो कभी आषाढ़ में आता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, स्वयं श्री प्रभु ने इस अधिमास को अंगीकार किया है और इसके माहात्म्य व नियम कई शास्त्रों एवं ग्रंथों में वर्णित हैं।

---

### तापमान के बढ़ने से आमजन हलाकान, न्यूनतम पारा 31 और अधिकतम 46 होने को बेकरार

# घरों की छतों पर लगी टंकियों से आ रहा उबलता पानी

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मई के तीसरे सप्ताह में सूरज आग उगलने की स्थिति में आ गया है। अधिकतम तापमान बुधवार को 44.7 डिग्री दर्ज किया गया है जो कि इस वर्ष का सबसे अधिक है। सूरज के रूख की स्थिति से तापमान 46 डिग्री होने को बेकरार देखा जा रहा है। इसी प्रकार से न्यूनतम तापमान भी 26.8 डिग्री पर पहुंच चुका है जो कि 31 डिग्री होने को बेकरार देखा जा रहा है। तापमान के बढने से आमजन हलाकान है। सामान्य जनजीवन प्रभावित देखा जा रहा है।

राजस्थान की रेत से होते हुए आ रही गर्म हवाओं ने मालवा को अपनी चपेट में ले रखा है। इसके चलते तापमान बराबर बढने की और है। बुधवार को एक दिन पूर्व की अपेक्षा तापमान 44 डिग्री पार ही दर्ज किया गया। हालात ऐसे बने हुए हैं कि सुबह से ही गर्मी की स्थिति आमजन को हलाकान किए रहती है। घरों की छतों पर लगी पानी की टंकियों से सुबह से ही गर्म पानी रहवासियों को मिलने लगता है। ऐसे में आमजन की दिनचर्या ही प्रभावित हो रही है। मानव ही नहीं पशु झपक्षी एवं अन्य जीव भी गर्मी के दौर में पूरी तरह से ठंडक वाले स्थानों पर दुबक रहे हैं। दोपहर में सडकों पर सन्नाटा पसर रहा है। सुबह शाम ही आमजन अपने कार्यों के लिए घरों से निकल रहे हैं। दोपहर में ठंडक के लिए लगे कुलर एवं पंखे भी पूरी तरह से अपनी भूमिका निभाने में असमर्थ देखे जा रहे हैं।



- **लू से किडनी काम करना बंद कर सकती है-** हीट स्ट्रोक (सन स्ट्रोक) शरीर की वह अवस्था है जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस (104.0 डिग्री फारेनहाइट) के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये, छोटे बच्चों को कपड़े से ढककर छाया वाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है जिसके कारण त्वचा पर कई बार खुजली होने लगती है और गर्मी से एलर्जी हो जाती है और लाल हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली के कारण शरीर बहुत लाल हो जाती है। शरीर की त्वचा पर घुमन सी होती है जिसके कारण इसे कांटेदार गर्मी भी कहा जाता है।
- **ये हैं हीट रैशेज के लक्षण-** छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा या फिर छोटे छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली या त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से वाष्पित नहीं हो पाता।
- **ऐसे करें शरीर का तापमान नियंत्रित-** ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने। प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। जितना संभव हो सके त्वचा को साफ और शुष्क बना कर रखें। इससे संक्रमण की संभावना कम होती है। गर्मी में घर से बाहर निकलते वक्त छाते का प्रयोग अवश्य करें। घर से बाहर पानी या ठंडा शरबत पी कर ही निकले, जैसे आम पन्ना और शिकंजी ज्यादा फायदेमंद है। घर से बाहर जाते समय पीने का पानी साथ में लेकर जाए। अगर तेज धूप में थे तो एकदम से ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।
- **उमस से बूरे हाल-** शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बुधवार को सुबह आर्दता यानिकी उमस 38 प्रतिशत के साथ न्यूनतम तापमान 26.8 एवं शाम को उमस 22 प्रतिशत के साथ अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। हवाओं की गति सुबह 2 एवं शाम को 4 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है।

अत्यधिक तापमान की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए सलाह जारी की है। सीएमएचओ डा.अशोक पटेल के अनुसार वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय किए जाए, ताकि मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से यथासंभव बचाया जा सकें।

### डिहाईड्रेशन का शिकार होने से बचें

गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसा तब होता है जब कोई काफी समय से काम में व्यस्त है या ज्यादा शारीरिक कार्य करता है और यदि काफी समय से पानी नहीं पीया जाए इससे गर्मी में डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। शरीर को निर्जलीकरण (ँैडि३ॠ्ल) से बचने के लिए नियमित रूप से थोड़े थोड़े समय बाद पानी पीना आवश्यक है, अगर किसी का गला बार बार सूख रहा है तो ये संकेत है कि उसका शरीर में पर्याप्त पानी (ँडि३ॠ्ल) नहीं है। यदि किसी दिन बहुत ज्यादा गर्मी है उस दिन ज्यादा व्यायाम से बचें, क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। निर्जलीकरण, ज्यादा पसीना आ जाना, कमजोर या थका हुआ महसूस करना, शरीर का तापमान बढ़ना, त्वचा का रंग पीला पड़ना या चेहरा पीला पढ़ना, मितली / उल्टी जैसा महसूस करना, बेहोशी आना।

### बचें डिहाईड्रेशन से

अगर घर से बाहर है और निर्जलीकरण के संकेत मिलें तो किसी छाया वाले और शांत जगह पर आराम करें। इलेक्ट्रॉल/ओ.आर एस / फलों का रस आदि पेय पदार्थों का निरंतर सेवन करते रहे। काबोर्नेटेड और कैफीन युक्त पेय से बचें।

### अधिकतम 16 साल पहले 46 हुआ था

वर्ष 2010 में गर्मी ने अपने पुराने रेकार्ड को ध्वस्त किया था। इस वर्ष शहर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले 16 वर्ष में इसके बाद ऐसा मौका वापस नहीं आया । उसके उपरांत मई माह में सिंहस्थ वर्ष 2016 में 45.5 डिग्री तक पहुंचा था । शेष वर्षों में तापमान इससे कम ही दर्ज किया गया है। इसी प्रकार से न्यूनतम तापमान भी 16 साल में सबसे अधिक वर्ष 2010 में 30.8 डिग्री पर पहुंचा था। उसके बाद पिछले 16 सालों में तापमान इस आंकडे की हद में ही दर्ज नहीं किया गया है।

---

### पीएम मोदी-सीएम यादव की अपील का असर

# सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए ट्रैवलर बस से पहुंचे अधिकारी, 6750 का सफर 250 रु. में

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उज्जैन जिला प्रशासन ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। बुधवार से सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए अधिकारी अलग-अलग वाहनों की बजाय एक ही गाड़ी में सफर कर रहे हैं।

बुधवार सुबह संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, तहसीलदार आलोक चोरे, जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह, योगेश बिरला, अवनेंद्र सिंह, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार सहित 15 अधिकारी एक साथ अर्बेनिया वाहन में बैठकर सिंहस्थ मेले के लिए बनाए जा रहे 29 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे।

सिंहस्थ के कार्यों का पिछले एक सप्ताह से अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। रोज कमिश्नर, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी अलग-अलग 15 वाहनों से पहुंचते थे। वे करीब 16 किमी का सफर करते हैं।

15 अधिकारी रोज सिंहस्थ क्षेत्र के 16 किमी का सफर तय करते हैं। उससे पहले अपने बंगले से घाट तक पहुंचते हैं, यह भी पांच से सात किमी होता है। ज्यादातर इनोवा कार हैं, जिनका एवरेज 10 किमी प्रति लीटर होता है। वहीं जब अधिकारी निरीक्षण करते हैं, वाहनों के एसी चालू रहते हैं। इस हिसाब से देखें तो प्रत्येक वाहन पर चार लीटर पेट्रोल या डीजल खर्च होता है। 450 रुपए प्रति कार के हिसाब से मानें तो 6750 रुपए प्रतिदिन खर्च होते थे। अधिकारियों ने बुधवार से ट्रैवलर बस से सफर शुरू किया है। इस बस में पहले दिन वे 12 किमी गए। जिसमें ढाई लीटर डीजल खर्च हुआ, जो करीब 250 रुपए से भी कम का होता है। हालांकि ट्रैवलर बस 4100 रुपए प्रतिदिन के किराए पर ली गई है।

**रोज सुबह किया जा रहा निरीक्षण-** सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक अमला लगातार सक्रिय है। घाटों से जुड़ने वाले प्रस्तावित एप्रोच रोड के स्थान चिन्हित करने के लिए अधिकारी रोज सुबह 6 बजे से निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे करीब 6 किलोमीटर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं।

**टीम भावना भी मजबूत होगी-** मेला अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले अलग-अलग विभागों के अधिकारी अपनी-अपनी गाड़ियों से आते थे, जिससे अनावश्यक ईंधन और शासकीय धन का अपव्यय होता था। अब सभी अधिकारी एक साथ यात्रा करेंगे, जिससे टीम भावना भी मजबूत होगी और ईंधन की खपत में भी भारी कमी आएगी।

---

# एमपी अस्पताल का पंजीयन निरस्त, 3 दिन में मरीज अन्यत्र शिफ्ट होंगे

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

दुर्घटनाग्रस्त युवक के उपचार के मामले में लापरवाही बरतने से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने फ्रीगंज के एमपी अस्पताल को जिम्मेदार मानते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर दिया है। बकौल सीएमएचओ डा. अशोक पटेल अस्पताल को 3 दिन में मरीजों को अन्यत्र अस्पताल या शासकीय जिला अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए कहा गया है।

घटनाक्रम इस प्रकार है कि 21 अप्रैल को रात इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार के सड़क हादसा हुआ था। इसमें ग्राम करनावद निवासी प्रताप आंजना 20 वर्ष घायल हुआ था। उसे दोस्त महेश ने उपचार के लिए फ्रीगंज स्थित एमपी अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल ने देर रात को अपने परिजनों से चर्चा की थी। सुबह अस्पताल ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। परिजनों को आरोप था कि परिजनों का आरोप था कि प्रताप के हाथ और पैर में फ्रैक्चर था। सुबह चार बजे तक उसने बातचीत भी की थी, लेकिन बाद में अचानक डॉक्टरों ने उसकी मौत की जानकारी दे दी। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल के दस्तावेजों की जांच की थी। जिसमें मरीज की मौत के एक घंटे बाद भी उसकी बीपी जांचने का उल्लेख फाइल में मिला था। टीम ने अपनी रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंपी थी। सीएमएचओ ने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। प्रबंधन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके चलते सीएमएचओ डा.पटेल ने बुधवार को अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया और 3 दिन में भर्ती मरीजों को अन्यत्र या जिला अस्पताल में शिफ्ट करने के आदेश दिए हैं। नए मरीजों की भर्ती पर रोक लगाते हुए अस्पताल के संचालन को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया।

उज्जैन
गुरुवार
14
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।
अर्थः ज्ञान, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर जिला जेल परिसर में लगी आग, पटाखे फोड़ने के दौरान हादसा



**इंदौर।** इंदौर की जिला जेल में बुधवार रात खुले परिसर में अचानक आग लग गई। यहां आग झाड़ी और एक बरामदे के यहां लगी। आग के चलते जेल के अंदर से लपटें और धुआं दिखा। फायर ब्रिगेड की टीम यहां मौके पर पहुंची है। जिला जेल के अधीक्षक जवाहर मंडलोई ने बताया कि हादसा सड़क से जा रही बारात में पटाखे फोड़ने से हुआ। गेट के यहां बने खुली जेल के यहां पर आगजनी हो गई। सूचना के बाद वह भी अंदर पहुंचे। हालांकि आग से किसी तरह की चिंताजनक स्थिति नहीं है। जहां आग लगी है, वह खुला इलाका है। यहां पर कैदी नहीं रहते हैं। हालांकि उन्होंने आगजनी से किसी तरह के नुकसान की बात होने से इंकार किया है।

### इंदौर के जैन मंदिर चोरी के मामले में 4 गिरफ्तार

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में 3 मई को हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि छह अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जांच में एक महिला की भूमिका भी सामने आई है, जो चोरी के माल को ठिकाने लगाने का काम करती थी। एडीशनल डीसीपी सुमित केरकट्टा के मुताबिक पुलिस ने मामले में ललित नामक आरोपी को हिरासत में लिया था। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि चोरी की वारदात ओमप्रकाश की बाइक का इस्तेमाल कर अंजाम दी गई थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया सामान बरामद किया, जिसमें दो चांदी की मूर्तियां, छह चांदी के कलश और अन्य धार्मिक सामग्री शामिल है। बरामद सामान की कीमत करीब चार लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला आरोपी गीता बाई भी गिरोह के साथ शामिल थी और चोरी के माल को ठिकाने लगाने में मदद करती थी। फिलहाल पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि लखन, गोलू, बलराम सहित छह अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार अब तक करीब 50 प्रतिशत चोरी का सामान बरामद किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया है कि क्षेत्र के कुछ अन्य लोग आरोपियों को चोरी की वारदातों में सहयोग कर रहे थे। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस को जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

### अस्पताल में गार्ड ने की मारपीट, अफसरों ने जांच के बाद करवाई की बात कही

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित अरबिंदो हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंचे युवकों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि अस्पताल में तैनात गार्डों ने युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक कुछ युवक अपने एक साथी को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर अस्पताल स्टाफ और युवकों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर अस्पताल के गार्डों ने युवकों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें कई गार्ड युवकों के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

### कल 22 जोनों पर होगा एक साथ होगा प्रदर्शन, खाली मटके फोड़ेंगे

# इंदौर में कांग्रेस जनता के साथ मांगेगी पानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में पानी की किल्लत ने लोगों को परेशान कर दिया। बस्तियों से लेकर कई कॉलोनियों में पानी की समस्या आ रही है। कई जगह लोग टैंकरों के भरोसे हो गए हैं। वहीं कई जगह पानी के लिए लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। इसके बाद भी कई जगह पानी की समस्या बरकरार है। लगातार आ रही पानी की समस्या को देखते हुए कांग्रेस ने भी मैदान संभाल लिया है। इसे लेकर रणनीति भी तैयार हो चुकी है।

**22 जोनों पर होगा एक साथ प्रदर्शन-** शहर कांग्रेस अध्यक्ष व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर में लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कई इलाके ऐसे हैं जहां लोग टैंकरों से पानी भरने को मजबूर है। पानी की समस्या को देखते हुए 15 मई को नगर निगम के सभी 22 जोनों पर कांग्रेस जनता के साथ मिलकर प्रदर्शन करेगी और पानी की मांग करेंगी।

**हर दिन चल रही 3 से 4 घंटे बैठकें-** आगामी 15 तारीख को सभी जोनों पर होने वाले प्रदर्शन को लेकर इंदौर के गांधी भवन में लगातार बैठकों का दौर जारी है। पिछले तीन से चार दिनों में रोजाना बैठके ली जा रही है। करीब तीन से चार घंटे ये बैठके चल रही है, जिसमें प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि एक साथ सभी 22 जोनों पर सुबह आंदोलन किया जाएगा। आम जनता के साथ मिलकर ये आंदोलन किया जाएगा। गांधी भवन में लगातार बैठकें की गई है। इसमें जीते हुए पार्षदों, ब्लॉक अध्यक्षों, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कार्यकर्ताओं को भी आंदोलन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### इंदौर में पानी नहीं मिलने से रहवासियों ने फोड़े मटके:विकास नगर में किया चक्काजाम, महापौर और निगम के खिलाफ नारेबाजी

गर्मी बढ़ने के साथ इंदौर में पानी का संकट गहराने लगा है। मंगलवार को विकास नगर इलाके में पानी की समस्या से परेशान रहवासियों ने सड़क पर चक्काजाम किया और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने खाली मटके फोड़े और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

**पार्षद के साथ सड़क पर उतरे रहवासी-** विकास नगर स्थित पानी की टंकी के पास पार्षद सोनिला मिमरोट के साथ रहवासी सड़क पर बैठ गए। सभी ने हाथों में खाली मटके लेकर प्रदर्शन किया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव व नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की।



**पानी नहीं मिलने का आरोप-** प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। पार्षद ने आरोप लगाया कि कई महीनों से लगातार शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि इंटरकनेक्शन के जरिए पानी नेहरू नगर की ओर डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे कई इलाकों में पानी का प्रेशर कम हो गया है और दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

# वाहनों के चालान बने कोर्ट की मुसीबत

### छह लाख पेंडिंग जज का ट्रांसफर, गाड़ी बेचने वालों का निराकरण नहीं हो रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चौराहों, सड़क किनारे बड़ी संख्या में बनाए जा रहे ई-चालान अब जिला एवं सत्र न्यायालय के लिए मुसीबत बन रहे हैं। स्थिति यह है कि करीब छह लाख चालान अदालत में पेंडिंग हो गए हैं। इन चालान के निराकरण के लिए बनाई गई विशेष कोर्ट के न्यायाधीश का ट्रांसफर हो गया है और अब तक नई नियुक्ति नहीं होने से पूरा काम प्रभावित हो रहा है।

ऐसे में अब पुराने वाहन खरीदने-बेचने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जब तक चालान लंबित हैं, जुर्माना नहीं भरा गया है, तब तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा नाम ट्रांसफर करने की प्रक्रिया नहीं की जा रही है।



सबसे ज्यादा कैमरा चालान बने, जो कोर्ट भेजे गए शहर के चौराहों पर लगे आईटीएमएस कैमरों से सिग्नल तोड़ने वालों के चालान ऑटोमैटिक बन रहे हैं। उन्हें मोबाइल पर या घर के पते पर चालान भेजे गए, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों ने ट्रैफिक पुलिस थाने में चालान नहीं भरा। इसके बाद ये चालान कोर्ट भेज दिए गए। लोगों के जुर्माना नहीं भरने के कारण ट्रैफिक पुलिस हर दिन कोर्ट में चालान भेजती गई, जिससे संख्या बढ़ते-बढ़ते छह लाख के पार हो गई है।

जमा करने लोग रोज कोर्ट पहुंच रहे, खाली हाथ लौट रहे अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी के मुताबिक ई-चालान, मैनुअल चालान का निराकरण करने के लिए गठित की गई विशेष कोर्ट में पदस्थ न्यायाधीश का ट्रांसफर हो गया। उनके स्थान पर नई नियुक्ति नहीं होने से चालान भरने कोर्ट आ रहे लोगों को लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि थाने पर चालान जमा नहीं करने वालों को कोर्ट जाना ज्यादा भारी पड़ रहा है। चालान की राशि भी बढ़ रही और वकील को भी फीस चुकाना पड़ रही है। कोर्ट की फटकार का असर नहीं सड़कों, चौराहों पर लग रहे जाम के बजाय सुबह के व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस द्वारा दफ्तर, दुकान, ऑफिस जाने वाले लोगों को रोककर चालान बनाने को लेकर हाई कोर्ट नाराजगी जाहिर कर चुकी है। इसके बाद भी चालान बनाना बंद नहीं किया गया है।

# उद्यान विभाग के 26 कर्मचारियों की सेवा समाप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

उद्यान विभाग के 26 मस्टर श्रमिकों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने इन कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। ये बिना किसी सूचना और अवकाश स्वीकृति के लंबे समय से अनुपस्थित थे। समीक्षा मीटिंग के दौरान इन कर्मचारियों के बारे में जानकारी मिली थी, यह कर्मचारी पिछले कई महीनों से लगातार बिना सूचना/सक्षम स्वीकृति के अपने काम से अनुपस्थित है। इनके काम पर नहीं रहने से उद्यान विभाग के काम प्रभावित हो रहे थे। साथ ही बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता का प्रतीक है, जिसे देखते हुए निगम कमिश्नर ने यह निर्णय लिया।

**इनकी सेवा हुई समाप्त-** हरि कृष्ण शुक्ला, राहुल चितौड़ा, अनवर खान, संगीता वर्मा, विक्रम उंटवाल, मंगला सोनी, निर्मला भोरसे, सोनू धीमान, तरुण सिंह, रविंद्र वामनराव, प्रीतेश भूपेंद्र, मनोज चौहान, दुर्गा कामरे, सूरज धारिया, राजेश मेहता, लक्ष्मी वानखेडे, ओमप्रकाश सोलंकी, जगदीश शिवराम, महेंद्र गेहलोद, सदाशिव पूरी, इंद्रसिंह चौहान, प्रताप चावरे, रामकरण धीमान, मनोज कमलेशचंद्र, तुलसाबाई, सुनीता।

# पार्षद पुत्र पर वॉल्व मैन को पीटने के आरोप, हंगामे के बाद 3 टंकियां खाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



स्कीम-54 में नगर निगम के वॉल्व मैन और पार्षद पुत्र के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलवार रात 1 बजे यह विवाद हुआ। हंगामे के कारण पानी की तीन टंकियां नहीं भर पाई, जिससे बुधवार को कई इलाकों में लोगों को पानी की परेशानी झेलनी पड़ी।

विजयनगर और लसूड़िया क्षेत्र के बीच नगर निगम का हाईड्रेंट है, जहां से पानी की टंकियां भरी जाती हैं। आरोप है कि पार्षद बालमुकुंद सोनी के बेटे अमित ने मंगलवार रात नगर निगम के वॉल्व मैन अभिषेक के साथ मारपीट की। बचाव करने पहुंचे दो अन्य वॉल्व मैन के साथ भी हाथापाई हुई।

विरोध में बुधवार सुबह कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। इससे स्कीम 54 की टंकी समय पर नहीं भर पाई। इधर, स्कीम 114 का वॉल्व समय पर नहीं खोले जाने के कारण इलाके की तीन टंकियां बुधवार को खाली रह गईं।

निगम हाईड्रेंट पर निजी टैंकर पहुंचे अपर आयुक्त आशीष पाठक बुधवार को बफानी धाम स्थित हाईड्रेंट का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां दो ऐसे टैंकर मिले, जिन पर नगर निगम का नाम या कोई पोस्टर-बैनर नहीं लगा था। पूछताछ के दौरान संबंधित लोग संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाए। निगम के सभी टैंकरों पर निःशुल्क जल वितरण लिखा होना अनिवार्य है। निजी रूप से पानी बेचने की आशंका के चलते अपर आयुक्त ने दोनों टैंकरों का एक महीने का भुगतान रोकने के निर्देश दिए।

शासकीय काम में बाधा का केस फुटेज मिले हैं। वीडियो का परीक्षण किया है। पांच से सात लोग थे, जिनकी पहचान की जा रही है। शासकीय परिसर में प्रवेश और शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज कराया जा रहा है।
**- आशीष पाठक, अपर आयुक्त**

रात में निजी टैंकर भरे जा रहे थे निगम कर्मचारी अभिषेक नशे में थे और वहां रात में निजी टैंकर भरे जा रहे थे, जबकि रात 10 बजे बाद टैंकर नहीं भरे जाते हैं। बेटा वहां देखने गया था। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को भी जानकारी दी गई थी। अभिषेक ने अपशब्द कहे, जिसके बाद विवाद हुआ।
**- बालमुकुंद सोनी, पार्षद, वार्ड 31**

### नई पाइप लाइन की खुदाई के दौरान भरा गंदा पानी, लोगों में फिर डर

भागीरथपुरा में दूषित पेयजल के कारण फैली बीमारी और मौतों के बाद नगर निगम चार महीनों से नई ड्रेनेज और पेयजल लाइन बिछाने का काम करवा रहा है। फरसी वाली गली में नई पेयजल लाइन डालने के लिए खुदाई की गई। खुदाई के दौरान गड्ढे में गंदा पानी भर गया। यह देखकर रहवासी फिर घबरा गए।

रहवासियों का कहना है कि जिस क्षेत्र ने कुछ महीने पहले गंभीर जल संकट झेला हो, वहां इस तरह गंदा पानी निकलना सवाल खड़े करता है। वार्ड 11 के पार्षद कमल वाघेला ने बताया इंजीनियरों की निगरानी में काम कराया जा रहा है।

# यथार्थ संस्था द्वारा कालिदास अकादमी में एकल नाटक 'अंधेरे से प्रकाश की ओर' का सफल मंचन



**जीवंत हुआ हेलेन केलर का संघर्ष: पौलमी घोष के अभिनय ने जीता दर्शकों का दिल**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

यथार्थ सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा कोलकाता की ख्यात अभिनेत्री पौलमी घोष के एकल नाटक 'अंधेरे से प्रकाश की ओर' का मंचन 12 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी में किया गया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति में पौलमी ने अपने सशक्त अभिनय से विश्वप्रसिद्ध लेखिका हेलेन केलर के प्रेरणादायक जीवन को मंच पर साकार कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, संस्कार भारती के श्रीपाद जोशी, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम दवे, रंगकर्मी पिलकेन्द्र अरोरा एवं योग प्रशिक्षक गिरजेश व्यास ने दीप प्रज्वलन कर किया।

यह नाटक अमेरिकी लेखिका और दुनिया की पहली दृष्टिबाधित व मूकबधिर स्नातक हेलेन केलर के जीवन संघर्ष पर केंद्रित है।



प्रस्तुति में दिखाया गया कि कैसे मात्र 19 महीने की आयु में गंभीर बीमारी के कारण हेलेन की दृष्टि और सुनने की शक्ति चली जाती है। अवसाद और अंधकार से घिरे उनके जीवन में शिक्षिका एनी सुलिवन एक नई रोशनी लेकर आती हैं। एनी ने संकेतों के माध्यम से हेलेन को शब्दों की पहचान कराई और बोलना सिखाया। इसी अदम्य साहस के बल पर हेलेन अपनी अक्षमताओं को पीछे छोड़ते हुए स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाली विश्व की पहली ऐसी विलक्षण प्रतिभा बनीं।

अभिनेत्री पौलमी ने संवेदना, पीड़ा, बेचैनी, तड़प और अकेलेपन जैसे सूक्ष्म मनोभावों को नैसर्गिक अभिनय से मंच पर उतारा। हेलेन केलर की आत्मकथा 'द स्टोरी ऑफ माय लाइफ' पर आधारित यह नाटक दर्शकों को भावुक करने के साथ ही दृढ़ निश्चय और साहस का संदेश दे गया। जम्मू के रंगकर्मी लकी गुप्ता के निर्देशन में तैयार इस नाट्य प्रस्तुति की दर्शकों ने सराहना की।

इस अवसर पर सतीश दवे, शरद शर्मा, राजीव सक्सेना, श्याम मुंशी, अमिताभ सुधांशु, प्रकाश चित्तोड़ा, श्री कृष्ण जोशी, कुमार किशन, कुमार शिवम, शिरीष राजपुरोहित, राजेश जूनवाल, रामचंद्र गांगुलिया, राजेंद्र चावड़ा, मनीष व्यास, संजय शर्मा, विनोद कलम्बकर और पांखुरी वक़्त जोशी सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### श्री साईंधाम समिति करेगी यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी का अभिनंदन

**उज्जैन।** श्री साईंधाम समिति (रजि.) एवं द्वारकामाई भक्त मंडल के तत्वावधान में उज्जैन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के मनोनयन पर उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर आत्मनिर्भर दिव्यांगों का सम्मान और भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम 14 मई, गुरुवार को सायं 7.30 बजे आरती के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के करकमलों द्वारा सम्मान समारोह संपन्न होगा। यह आयोजन श्री शिरडी साईंबाबा मन्दिर, द्वारकामाई (अखण्ड धूनी), देवस्थान चौबीस खम्बा माता मन्दिर के पीछे, महाकाल मन्दिर मार्ग, गुदरी चौराहा पर किया जाएगा। संस्थापक अशोक आचार्य, कार्यक्रम संयोजक कमल गोयल, भजन संध्या संयोजक दिनेश चौहान (साईराम) और निवेदक जयशंकर पुरोहित ने सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### देश की जनगणना के आंकड़े विकास एवं प्रगति के लिए है

**उज्जैन।** देश की पहली डिजिटल जनगणना प्रारंभ हो गई है 01 मई से 31 मई तक प्रगणक द्वारा घर घर पहुंच कर मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न किया जा रहा है इसी क्रम में जनगणना से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बुधवार को ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर जनगणना से संबंधित किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें जोन क्रमांक 04 एवं जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40 पंवासा क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 41 गोपालपुर क्षेत्र, लोटी स्कूल के पास, इत्यादि क्षेत्रों में 08 से अधिक ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर एवं प्रगणक के साथ घर-घर भ्रमण करते हुए नागरिकों से जानकारी संग्रहित की गई इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणक को निर्देशित किया की जनगणना का कार्य समय सीमा से पूर्ण हो जो अवधि तय की गई है उसमें ही जनगणना का कार्य पूर्ण किया जाए ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर कुछ सुपरवाइजर एवं प्रकरण द्वारा कार्य करते हुए समय से पूर्व ही जनगणना के कार्य को पूर्ण किया गया है इसलिए संबंधित ब्लाक की टीम सराहना के पात्र है।

# जल संकट और बिजली कटौती से आक्रोश: पार्षद के नेतृत्व में रहवासियों ने किया चक्काजाम

**प्यासी जनता, गुल बिजली: आक्रोशित रहवासियों ने किया चक्का जाम, नई डीपी के आश्वासन पर शांत हुआ बवाल**

**भैरवगढ़ जेल चौराहे पर किया प्रदर्शन, अधिकारियों द्वारा नई डीपी लगाने के निर्देश के बाद समाप्त हुआ धरना**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के वार्ड क्रमांक एक में पिछले कई दिनों से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने और जलप्रदाय के समय ही बिजली कटौती होने से परेशान रहवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। समस्या के समाधान की मांग को लेकर वार्ड की पार्षद निकिता परमानंद मालवीय के साथ बड़ी संख्या में रहवासियों ने भैरवगढ़ जेल चौराहे के मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।

सड़क जाम और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही संबंधित विभागों के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। नगर निगम अधिकारी भावसार, समस्त उपयंत्री, पीएचई अधिकारी और बिजली विभाग के



अधिकारी कुमरावत, रविकांत मालवीय तथा आयुषी जैन तुरंत मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे रहवासियों और पार्षद से चर्चा कर समस्या को समझा। इसके बाद मौके पर ही मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने तत्काल नई डीपी लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों की इस त्वरित कार्रवाई और ठोस आश्वासन के बाद रहवासियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।



## श्रीनाथजी की हवेली में 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव 17 से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में 17 मई से 15 जून 2026 तक 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः और संध्याकाल में ठाकुरजी के विविध मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन नि. ली. गो. श्री विट्ठलेशरायजी महाराजश्री की बहूजी गो. श्री रुकमणी बहूजी महाराज की आज्ञा से संपन्न होगा। पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय में अधिक मास का विशेष माहात्म्य है। वल्लभ वैष्णव मंडल के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी और श्री महाप्रभुजी बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर ने बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा 365 दिन 6 घंटे में पूर्ण करती है, जबकि चंद्रमा आधारित कालचक्र 355 दिन का होता है। इस खगोलीय स्थिति के कारण हर ढाई से तीन वर्ष में लगभग 30 दिनों का एक माह अतिरिक्त हो जाता है, जिसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। हिंदू कैलेंडर में इस अधिक मास की कोई निश्चित स्थिति नहीं होती है; यह कभी सावन, कभी वैशाख, कभी भादवा तो कभी आषाढ़ में आता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, स्वयं श्री प्रभु ने इस अधिमास को अंगीकार किया है और इसके माहात्म्य व नियम कई शास्त्रों एवं ग्रंथों में वर्णित हैं।

# यूडीए डायरेक्टर बनने पर श्रीवास्तव का कायस्थ समाज ने किया सम्मान

**श्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास के तत्वावधान में समारोह, सांसद और हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष रहे मौजूद**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्य शासन द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के पदाधिकारियों की घोषणा में वरिष्ठ नेता अमित श्रीवास्तव को डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर कायस्थ



समाज में हर्ष व्याप्त है। इसी कड़ी में समाज द्वारा उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि न्यास के तत्वावधान में समाज की विभिन्न संस्थाओं ने नवनियुक्त डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव का शॉल, श्रीफल, साफा एवं पुष्पमालाओं से आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया और हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

समारोह में अमित श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सौंपे गए इस दायित्व का मैं पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करूंगा। आगामी सिंहस्थ के दृष्टिगत प्राधिकरण द्वारा शहर में किए जा रहे विकास और निर्माण कार्य समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, यह मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि अमित श्रीवास्तव हमारे वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी के प्रति उनके समर्पण और लगन को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने भी अपने विचार रखे और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, गोपाल कृष्ण निगम, भारत सक्सेना, अनुभव प्रधान, मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, चेतना श्रीवास्तव, गीता सक्सेना, ब्रजेश श्रीवास्तव, पवन खरे, शिव श्रीवास्तव, पिंसू, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, पद्मा श्रीवास्तव, प्रियांश श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रियंका भटनागर, रश्मि सक्सेना, अदिति निगम, सीमा निगम, राजभूषण श्रीवास्तव, आनंद निगम, डॉ. राज कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष सक्सेना, नरेश श्रीवास्तव, गौरव प्रधान, दीपक सक्सेना और अभिषेक निगम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सरकारी से लेकर निजी क्षेत्र, बैंकिंग और डेटा साइंस में विशेषज्ञों की भारी मांग, लाखों में मिल रहे पैकेज

### सांख्यिकी और आईटी के समन्वय से युवाओं के लिए खुले रोजगार के अनंत अवसर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्तमान तकनीकी युग और डेटा आधारित निर्णयों के बढ़ते उपयोग ने सांख्यिकी को एक अत्यंत उपयोगी और रोजगारपरक विषय बना दिया है। सरकारी, निजी, शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों में सांख्यिकी विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सांख्यिकी को मुख्य (मेजर) विषय के रूप में चुनकर इसके साथ सूचना प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर साइंस को माइनर समूह में अध्ययन करने वाले युवाओं के लिए बेहतरीन सैलरी पैकेज के साथ करियर की असीम संभावनाएं मौजूद हैं।

इसके साथ ही मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स (एमडीसी) के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना को चुनने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और स्कोरिंग में भी काफी मदद मिलती है।

सांख्यिकी में स्नातक या स्नातकोत्तर करने के बाद युवाओं को भारतीय सांख्यिकी सेवा, जनगणना विभाग, नीति आयोग, कृषि, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग सहित रेलवे में शानदार अवसर मिलते हैं। इसके अलावा नाबार्ड, सेबी, नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) और सीएसओ जैसे विभागों में डेटा संग्रहण, सर्वेक्षण विश्लेषण, रिपोर्ट और नीति निर्माण में सहयोग के पदों पर कार्य किया जा सकता है।

बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और जीवन बीमा निगम जैसी संस्थाओं में रिस्क एनालिसिस, फाइनेंशियल फोरकास्टिंग, एक्चुरियल साइंस और मार्केट रिसर्च के लिए सांख्यिकी के छात्रों की खासी मांग रहती है।

### डेटा साइंस और एनालिटिक्स बनी पहली पसंद

यह क्षेत्र वर्तमान में सबसे तेजी से उभर रहा है। पाइथन, आर प्रोग्रामिंग, एडवांस एक्सेल, एसक्यूएल, पावर बीआई और टैब्लू जैसे कौशल हासिल कर युवा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, विप्रो और एक्सेंचर जैसी प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों में डेटा एनालिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट और मशीन लर्निंग एनालिस्ट के रूप में अपना शानदार करियर बना सकते हैं।

स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में मेडिकल सांख्यिकी और बायोस्टैटिस्टिक्स के अंतर्गत अस्पताल, रिसर्च लैब और फार्मा कंपनियाँ क्लिनिकल रिसर्च, पब्लिक हेल्थ सर्वे और ड्रग टेस्टिंग एनालिसिस के लिए विशेषज्ञों की भर्ती कर रही हैं। औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, डिमांड फोरकास्टिंग और ऑपरेशंस रिसर्च के लिए भी कंपनियों को इन विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। अकादमिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवा स्कूल शिक्षक या शिक्षण संस्थानों में सहायक प्राध्यापक बन सकते हैं। इसके अलावा भारतीय सांख्यिकी संस्थान, आईआईटी, इसरो और डीआरडीओ जैसे संस्थानों में साइंटिस्ट व शोधकर्ता के पद भी उपलब्ध हैं।

युवा चाहें तो स्वरोजगार के रूप में डेटा एनालिटिक्स कंसल्टेंसी, सर्वे एजेंसी, रिसर्च कंसल्टेंसी, डेटा विजुअलाइजेशन सेवाएं या ऑनलाइन स्टैटिस्टिक्स कोचिंग भी शुरू कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रिसर्च मेथोडोलॉजी और बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स के साथ इस क्षेत्र में शुरूआती पैकेज 3 से 6 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है। एक कुशल डेटा साइंटिस्ट या एनालिस्ट 6 से 20 लाख रुपये तक आसानी से प्राप्त कर सकता है, जबकि अनुभवी विशेषज्ञों के लिए यह पैकेज 20 लाख रुपये से भी अधिक हो सकता है।

### निशुल्क करियर मार्गदर्शन उपलब्ध

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा के विस्तार के कारण हर क्षेत्र डेटा आधारित निर्णय ले रहा है, सरकारी योजनाओं में भी डेटा विश्लेषण की आवश्यकता बढ़ रही है। इस कारण सांख्यिकी वर्तमान में एक 'हाई डिमांड करियर' बन चुका है। विद्यार्थियों को सही विषय चयन और रोजगार की संभावनाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारियों के लिए डॉ. प्रदीप लाखरे द्वारा निशुल्क परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### नीट परीक्षा रद्द होने पर युवक कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**उज्जैन।** नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद शहर में युवाओं और छात्र संगठनों का आक्रोश भड़क उठा है। परीक्षा में हुई भारी धांधली और पेपर लीक के विरोध में युवक कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन करते हुए शहर के हृदय स्थल टावर चौक पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह का पुतला फूंका। युवक कांग्रेस ने इस पूरी घटना को सीधे तौर पर शिक्षा प्रणाली की नाकामी और संगठित भ्रष्टाचार बताया है। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने पुतला दहन के दौरान कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे युवाओं के भविष्य के साथ किया गया जघन्य अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट व्यवस्था ने देश के 22 से 23 लाख छात्रों और उनके परिवारों की कड़ी मेहनत, त्याग और सपनों को बेरहमी से कुचल दिया है। प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस ने जननायक राहुल गांधी के उस बयान का भी पुरजोर समर्थन किया, जिसमें उन्होंने इस घटना को केवल नाकामी नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ किया गया गंभीर अपराध बताया है। छात्रों और उनके परिवारों की पीड़ा को रेखांकित करते हुए यादव ने कहा कि बच्चों को डॉक्टर बनाने के लिए किसी पिता ने कर्ज लिया, तो किसी मां ने अपने गहने तक बेच दिए। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर परीक्षा की तैयारी की, लेकिन इस समर्पण के बदले में उन्हें सिर्फ पेपर लीक और सरकारी लापरवाही ही मिली। यादव ने व्यवस्था पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि हर बार पेपर माफिया आसानी से बच निकलते हैं और ईमानदार छात्रों को इसकी भारी सजा भुगतनी पड़ती है। परीक्षा रद्द होने से अब लाखों छात्र फिर से उसी मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता को झेलने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए स्पष्ट किया कि अगर युवाओं की तकदीर उनके परिश्रम से नहीं, बल्कि पैसे और रसूख से तय होगी.

# दो दिवसीय श्री यजुर्वेद संहिता यज्ञ संपन्न, नांदेड़ के विद्वानों ने कराया अनुष्ठान

### गजानन महाराज मंदिर में पूर्ण हुई चारों वेदों की यज्ञ श्रृंखला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित अशोक विहार कॉलोनी स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर में दो दिवसीय श्री यजुर्वेद संहिता यज्ञ का आयोजन किया गया। नांदेड़ महाराष्ट्र से पधारे वेद मूर्ति निलेश जोशी एवं उनके सहयोगियों के आचार्यत्व में यह धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न हुआ।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले एवं सचिव हर्षवर्धन गोरे ने बताया कि चार वेदों की यज्ञ श्रृंखला में यह चौथे वेद का अनुष्ठान था। इससे पूर्व तीन वेदों के संहिता यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न किए जा चुके हैं। इस दो दिवसीय अनुष्ठान के दौरान यज्ञ नारायण की अग्नि को सतत प्रज्वलित रखा गया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न प्रकार की समिधा व औषधियों से आहुतियां प्रदान की गईं। इस पुनीत अवसर पर अनिल जोशी और कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे विशेष रूप से उपस्थित रहे। यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में भक्तगणों ने शामिल होकर दर्शन व परिक्रमा कर धर्म लाभ लिया।

# मातृत्व दिवसः उज्जैन की 4 सेवाभावी महिलाओं का होगा विशेष सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय महिला परिषद अवंति द्वारा 14 को 'मातृत्व सम्मान एवं अभिवादन सभा' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे विद्यासागर अतिथि भवन में होगा। समारोह में परिषद की सदस्यों की माताओं के साथ ही नगर की चार प्रतिभावान एवं सेवाभावी महिलाओं का उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान किया जाएगा।

परिषद अवंति की अध्यक्ष रूपल शाह और सचिव आभा शाह ने बताया कि माताओं के सम्मान में आयोजित इस अभिवादन सभा में परिषद की नई बहुओं द्वारा अपनी सासु मां के साथ नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में निशि जैन द्वारा मातृत्व सम्मान शैली में हाउजी प्रस्तुत की जाएगी। वहीं, मोनिका सेठी और वनीता गंगवाल 'सुपर सासु मां' के लिए विभिन्न राउंड को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करेंगी। कोषाध्यक्ष वंदना सेठी ने बताया कि इस अवसर पर प्रांतीय संरक्षक स्नेहलता व संगीता सोगानी, प्रांतीय उपाध्यक्ष नीता धवल व नीलम पंड्या तथा संभाग अध्यक्ष मधु कोठारी का विशेष आतिथ्य रहेगा। कार्यक्रम में शहर की चार प्रमुख समाजसेविकाओं का अभिनंदन किया जाएगा, जिन्होंने अपना जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। इसी तरह, पुष्पा बज पिछले 40 वर्षों से सर्व समाज की महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर कार्य करने के साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर स्वावलंबी बना रही हैं। वहीं, आशा झांझरी ने महिला महासमिति मध्यांचल एवं संभाग की स्थापना कर महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित की है और बच्चों में संस्कार व संस्कृति की रक्षा के लिए इनके द्वारा स्थापित पाठशालाएं आज भी निरंतर संचालित हैं। इनके अलावा, आशा पाटनी का भी सम्मान किया जाएगा, जो विगत 25 वर्षों से प्रचार-प्रसार से दूर रहकर गुप्त रूप से गरीब बच्चों की शिक्षा में अपना आर्थिक योगदान दे रही हैं, जिससे अनेक बच्चों ने पहली कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की पढ़ाई पूरी की है।

### पूर्व विधायक पण्ड्या की पुण्य तिथि पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**बड़नगर।** वंदे मातरम् जनसमूह द्वारा 13 मई बुधवार को पूर्व विधायक स्व. उदयसिंह पण्ड्या(बाउजी)की पुण्य तिथि पर उनके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक क्षैत्र में दिये गये उल्लेखनीय योगदान का स्मरण करते हुए उनकी स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के अंतर्गत गौशाला में गायों के लिए चारा, गुड़ एवं खल, सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, गीता भवन में भोजन प्रसादी वितरण कर पुण्य स्मरण किया गया। तत्पश्चात विधानसभा के ग्राम सुराखेड़ी तलाई पर जनसहयोग एवं कार्यकताओं द्वारा गहरीकरण का कार्य कर श्रमदान किया गया।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सं.: 83265590। दिनांक: 11/05/2026।** निम्नलिखित स्टोर कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (स्टोर), रतलाम, पश्चिम रेलवे द्वारा ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** Elastomeric Pads Design-B as per Drawing NO. WD-21109-S-02 Alt 2 & SPEC: WD 20-MISC-95 Rev-5. [**Warranty Period:** 30 Months after the date of delivery] [**Inspection Agency:** TPI, **Stage Insp.:** No, **Stages:** 0] [**UVAM Linking:** Item :3100309, Elastomeric Pads Sub Item: Elastomeric Pads Design-B] **Item Type:** Goods (supply) | **कार्य की अनुमानित लागत:** 9660518.40 | **निविदा दस्तावेज की लागत:** 0 (Zero) | **बयाना राशि जमा:** 193210.00 | **ऑफर की वैधता (दिन):** Within 90 days thereafter | **ई–निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख:** 08-JUN-26 11.00. **ई–निविदा खोलने का समय और तारीख:** 08-JUN-26 11.30 | निविदा को ई–निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई–निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। **0051**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### शब्दों से प्रेम और मानवीयता को जीवंत कर रहीं कविता किरणः प्रो. शर्मा

# डॉ. देवेंद्र जोशी साहित्य विमर्श परिषद ने किया प्रख्यात कवयित्री का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रख्यात कवयित्री कविता किरण अपनी रचनाधर्मिता से प्रेम और मानवीयता के संसार को जीवंत रखने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने स्त्री अस्मिता, समाज की अपेक्षाओं और संघर्षों को अपनी कविताओं में गहराई से पिरोया है। उनकी रचनाएं केवल शब्द नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदना और मानवीय आस्था का प्रतीक हैं।

यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कही। वे महेश नगर में डॉ. देवेंद्र जोशी साहित्य विमर्श परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। इस अवसर पर साहित्यकारों की उपस्थिति में प्रख्यात कवयित्री डॉ. कविता किरण को 'डॉ. देवेंद्र जोशी स्मृति शब्द सम्मान' से अलंकृत किया गया। प्रो. शर्मा ने कहा कि कविता किरण ने जीवन के विभिन्न पहलुओं को गहरी संवेदनशीलता के साथ उकेरा है। वे संघर्षों से भरे जीवन को एक मीठी झील में बदलने की शक्ति रखती हैं।

सम्मानित अतिथि डॉ. कविता किरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंच का आकार मायने नहीं रखता। मंच और बैनर सुधी काव्य रसिकों, विद्वानों और आत्मीयजनों की उपस्थिति से बड़ा बनता है। डॉ. देवेंद्र जोशी की कर्मभूमि होने से इस मंच को स्वतः ही ऊंचाइयां मिल रही हैं। स्वागत उद्बोधन परिषद की अध्यक्ष सीमा देवेंद्र ने दिया। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित विद्वानों का आगमन होता रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने डॉ. कविता किरण की काव्य साधना की सराहना करते हुए अपने संस्मरण सुनाए। उपस्थित कवियों ने भी उनके सम्मान में भाव व्यक्त किए।

## खबर एक नजर...

### श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**शुजालपुर.** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया द्वारा नगर, तहसील एवं जिला कार्यकारिणी तथा महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत, महिला मंडल जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी एवं नगर अध्यक्ष वर्षा कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जिला अध्यक्ष डॉ. गेहलोत ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों का बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से किया जाएगा तथा समाजहित एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। कार्यक्रम में हनी गुप्ता, शीला सोनी, सुगन पाटीदार, ममता परमार, नीलम चौरासिया, सपना सोनी, मोनिका माहेश्वरी, ममता धाकड़, आरती प्रजापति,मुस्कान खत्री सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

# ई-फामेर्सी और 'डीप डिस्काउंटिंग' के विरोध में 20 मई को राष्ट्रव्यापी दवा बाजार बंद

## मांगें नहीं मानीं तो अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

### जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ और एकाधिकार का खतरा

### प्रधानमंत्री को ज्ञापन, अधिसूचनाएं रद्द करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अवैध ई-फामेर्सी और बड़े कॉरपोरेट घरानों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे 'डीप डिस्काउंट' के विरोध में देशभर के 12.40 लाख दवा विक्रेता 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आह्वान पर उज्जैन जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन भी इस बंद का पूर्ण समर्थन करेगा। एसोसिएशन के सचिव मनोज दुग्गड़ ने बताया कि यह बंद दवा विक्रेताओं के अस्तित्व और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए किया जा रहा है, जिससे 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका भी जुड़ी है।

एसोसिएशन का आरोप है कि ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म नियमों की घोर अनदेखी कर रहे हैं। बिना भौतिक सत्यापन के एक ही प्रिस्क्रिप्शन के बार-बार उपयोग से एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं की अनियंत्रित बिक्री हो रही है। यह सीधे तौर पर एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसे गंभीर खतरे को जन्म दे रहा है। इसके अतिरिक्त, बड़े कॉरपोरेट संस्थान 'डीप डिस्काउंट' के जरिए बाजार का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। दवाओं का मार्जिन सरकार द्वारा निर्धारित होने के बावजूद अनुचित व्यापारिक प्रतिस्पर्धा पैदा की जा रही है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छोटे केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में है।

दवा विक्रेताओं के शीर्ष संगठन ने अपनी मांगों और चिंताओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया है। संगठन की प्रमुख मांग है कि कोविड काल के दौरान 26 मार्च 2020 को जारी अस्थायी आपातकालीन अधिसूचना जी.एस.आर. 220(ई) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। संगठन का तर्क है कि अब इस अधिसूचना को जारी रखना तर्कसंगत नहीं है और यह औषधि नियम 65 के कड़े प्रावधानों को कमजोर कर रही है। इसके साथ ही ई-फामेर्सी से संबंधित अधिसूचना जी.एस.आर. 817(ई) को भी वापस लेने की मांग की गई है। उज्जैन जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी और सचिव मनोज दुग्गड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एआईओसीडी के अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने स्पष्ट किया है कि कॉर्पोरेट्स को अनुचित छूट देने से रोकने हेतु एकसमान अवसर वाली नीति बनाई जाए। यह केवल व्यापार का नहीं बल्कि मरीज की सुरक्षा का गंभीर मामला है। बार-बार अनुरोध के बावजूद सरकार द्वारा अनदेखी की जा रही है।

## तलघर से मवेशी चोरी, 95 हजार रुपए बताई कीमत

ब्रह्मास्त्र ›› शुजालपुर

शहर में पशु चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाश घर के तलघर से पाड़ा चोरी कर ले गए। फ रियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी दिनेश पिता प्रहलाद सिंह परमार निवासी जियो पेट्रोल पंप के सामने अकोदिया रोड शुजालपुर ने बताया कि उसके चार भैंसे, एक पाड़ा एवं एक गाय घर के नीचे बने तलघर में बंधे हुए थे। 12 मई की रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच वह अपने घर लौटा था। उस समय सभी पशु बंधे हुए थे। सुबह करीब 5.30 बजे जब वह तलघर में पहुंचा तो वहां का दरवाजा खुला मिला, अंदर देखने पर एक पाड़ा गायब था। आसपास तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। फ रियादी ने आशंका जताई कि अज्ञात बदमाश पाड़ा चोरी कर ले गए। फरियादी ने चोरी गए मवेशी की कीमत करीब 90 से 95 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घरेलू विवाद में मारपीट, महिला ने ससुर पर लगाए आरोप

**शुजालपुर.** घरेलू विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में माया पति आकाश मालवीय निवासी अमलाय पत्थरकी ने बताया कि वह अपने पति के साथ अलग रहती है, जबकि उसके ससुर करणसिंह मालवीय और सास अलग मकान में निवास करते हैं। महिला के अनुसार उसका पति मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था।

# स्वच्छता में देश का नंबर-1 शहर बनाने हेतु निगम चला रहा जनभागीदारी आधारित अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सिंहस्थ 2028 में करोड़ो श्रृद्धालुओं के स्वागत हेतु उज्जैन शहर में हजारों करोड़ो के विकास एवं निर्माण कार्य मा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी मध्यप्रदेश शासन के परिकल्पना एवं मंशानुरूप किये जा रहे है। विकास एवं निर्माण कार्यो के साथ ही शहर को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 अन्तर्गत उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ, सुंदर, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से निरंतर व्यापक स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

नगर निगम उज्जैन का लक्ष्य उज्जैन को देश के सबसे स्वच्छ एवं आदर्श शहरों की श्रेणी में स्थापित करना है। इसके लिए शहरभर में स्वच्छता, जन-जागरूकता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सहभागिता पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख घाटों, तालाबों एवं नदी क्षेत्रों में महापौर एवं निगम अध्यक्ष के साथ ही जनसहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। ह्लजल गंगा संवर्धन अभियानह्व के अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ नागरिकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों की सहभागिता से श्रमदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से निगम द्वारा लगातार प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान संचालित किया जा रहा है। बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान, रैलियाँ एवं वाहन रैलियों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे शहर में स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गंदगी के बड़े स्त्रोतों को हटाने हेतु विशेष ळटच रिमूवल अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं दीवारों का सौंदर्यीकरण, पेंटिंग एवं थीम आधारित सजावट कर शहर की सुंदरता को नया स्वरूप दिया जा रहा है।

स्वच्छता कार्य में लगे सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। साथ ही उनके स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए। निगम का मानना है कि स्वच्छता सैनिकों के सहयोग के बिना स्वच्छ शहर की कल्पना संभव नहीं है। जीरो वेस्ट इवेंट की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए विभिन्न आयोजनों में कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग एवं वैज्ञानिक निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही शहर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर हरित एवं स्वच्छ वातावरण तैयार करने का प्रयास जारी है। महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने शहरवासियों से अपिल की है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए नागरिक सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। सभी शहरवासी स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ, कचरे का पृथक्करण करें, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखें तथा उज्जैन को देश का सबसे स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में अपना योगदान दें।

# सब्जी मंडी में किसान के साथ मारपीट, आक्रोश में हाइवे किया जाम

### पान मसाला मांगने पर रात में हुआ था विवाद, दो युवा किसान घायल

ब्रह्मास्त्र ›› शुजालपुर



सिटी स्थित फल सब्जी मंडी में बीती रात उपज लेकर आए दो युवा किसानों क साथ मारपीट की घटना हुई, जिसमें इन किसानों को गंभीर चोटे आई। इस मामले ने बुधवार की सुबह तुल पकड़ लिया और सब्जी मंडी में आए किसान के साथ ही व्यापारियों ने मारपीट की घटना के विरोध और आरोपियों की शिनाख्त तथा गिरफ्तारी की मांग को लेकर पचोर शुजालपुर हाइवे जाम कर दिया, जिसके चलते लगभग आधे घंटे तक अस्पताल चौराहे पर आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर आवागमन खुलवाया। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जो कि नाबालिक बताया जा रहा है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को हुए इस विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें कुछ युवा किसानों के साथ मारपीट करते नजर आ रहे है। बताया जाता है कि प्याज मंडी क्षेत्र में पान मसाना मांगने पर नहीं दिए जाने के चलते उपज लेकर आए युवा किसानों के साथ मारपीट हुई। पुलिस के अनुसार फरियादी प्रेमसिंह पिता प्रहलाद सिंह राठौर निवासी भीमपुरा शुजालपुर सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई की रात करीब 12.30 बजे उसके मौसी के लड़के प्रदीप पिता रामसिंह राठौर निवासी मुढ़ला बारोल का

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजा घायल, मामला दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› शुजालपुर



आष्टा रोड स्थित किसोनी जोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजा घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी हेमंत कुमार मालवीय निवासी टंकी के पास फ्रीगंज शुजालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मामा सावन सिंह मालवीय के साथ बाइक से मजदूरी कर घर लौट रहा था। बाइक सावन सिंह चला रहे थे। दोपहर करीब 1.45 बजे जब वे आष्टा रोड पर किसोनी जोड़ के पास विश्वकर्मा धर्मशाला के सामने पहुंचे तभी शुजालपुर की ओर से आ रहे एक डंपर चालक ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। सावन सिंह के सिर एवं पैर में चोट आई, जबकि हेमंत के पैर और अंगूठों में चोटें आईं। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए शुजालपुर मंडी के अस्पताल पहुंचाया गया। फ रियादी ने डंपर का नंबर नोट कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर एक नजर...



### कलेक्टर अदिती गर्ग ने जनसुनवाई में 81 आवेदकों की समस्याएं सुनी

मन्दसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिती गर्ग एवं अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 81 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदन एवं शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशन प्रकरणों का करें त्वरित समाधान। पेंशन में किसी प्रकार का विलम्ब न हो। इसके साथ ही सीमांकन एवं नामांतरण के प्रकरणों को लंबित न रखें। आरसीएमएस के प्रकरण का तुरंत समाधान करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक निर्देश जारी किए गए। ग्राम सुठी निवासी यशवंतसिंह द्वारा स्वयं की कृषि भूमि पर आने जाने का रास्ता खुलवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर तहसीलदार सीतामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी तरह कोटड़ी निवासी हिम्मतसिंह द्वारा क्रमोन्नती वेतन दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया गया, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पिपलिया मंडी निवासी बालुराम द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर तहसीलदार सीतामऊ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल का मोहनगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम मोहनगढ़ तहसील खकनार जिला बुरहानपुर में 11 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किमाया साली, जनरल फिजिशियन डॉ. ओमप्रकाश और डॉ. अकरम खान ने मरीजों की संबंधित समस्याओं का परीक्षण कर परामर्श दिया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। चिकित्सकों ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### मेला ग्राउंड पर शॉपिंग काम्पलेक्स सहित कई विकास कार्यों का भूमिपूजन होगा

खंडवा/मुंदी। आज मुंदी नगर परिषद क्षेत्र में मांधाता विधायक नारायण पटेल करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे मिली जानकारी के अनुसार मुंदी के संत बुखारदास बाबा एवं संत गुलाब दास बाबा मेला ग्राउंड के पास करीब डेढ करोड रुपए की लागत से नगर परिषद मुंदी के द्वारा शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर आज नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला चंद्रमोहन राठौर एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल भूमि पूजन करेंगे इसके साथ ही मुंदी के संत बुखारदास बाबा आश्रम पर 20 लाख रुपए की लागत से टीन शेड एवं राजपूत धर्मशाला में करीब 15 लाख रुपए की लागत से मांगलिक भवन, केनूद रोड पर 20 लाख रुपए की लागत से नर्मदा परिक्रमा वासियो के लिये सामुदायिक भवन,इसके साथ ही राठौर धर्मशाला मे करीब 8 लाख रुपए की लागत से टीन शेड का निर्माण होना है। कुल 2 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों का आज सुबह 9 बजे भूमिपूजन होगा।

# लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा के नवीन भवन का भूमि पूजन समारोह सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र » खंडवा



लायन्स क्लब का आज का कार्यक्रम राष्ट्गान व ध्वज वंदना से प्रारम्भ होना ही राष्ट्र प्रेम प्रदर्शित करता है लायन्स क्लब में सदस्य सेवा की भावना से ही जुड़ता है क्लब के संचालन के लिए क्लब सदस्य पूर्ण सहयोग करते है। क्लब पीड़ित मानव सेवा के लिए सदैव अग्रणी रहते है। अन्नदान, पर्यावरण,अंधत्व निवारण, नेत्रदान देहदान,स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में नियमित कार्य के साथ प्रशासन को भी पूर्ण सहयोग करते है।उपरोक्त उदगार लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा संचालित जिला चिकित्सालय परिसर में श्रीमती चंदा देवी अत्रिवाल की प्रेरणा से पुत्र राजीव अत्रिवाल खण्डवा वर्तमान में अमेरिका के सहयोग से लायन्स भोजन सेवा केंद्र के नवीन भवन के भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के मंत्री व खण्डवा के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने व्यक्त करते हुए कहा कि लायन्स भोजन सेवा केंद्र 26 वर्षो से जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा में प्रतिदिन 250 से अधिक मरीजो के ग्रामीण निर्धन परिजनों को भोजन उपलब्ध करा रहा है यह बहुत वंदनीय सेवा है नवीन भवन से ओर अधिक ग्रामीण लाभान्वित होंगे। नारायण बाहेती ने बताया की लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़,लायन्स भोजन सेवा केंद्र चेयरमेन गांधी प्रसाद गदले,को चेयरमेन नारायण बाहेती ,को चेयरमन राजीव शर्मा कार्यक्रम संयोजक गुरमितसिंघ उबेजा,सह संयोजक अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खण्डवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,विधायक श्रीमती कंचन तनवे,महापौर अमृता यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषभ गुप्ता,एसपी अगम जैन,लायन्स डिस्ट्रिक्ट के 2026-27 के गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रणवीर सिंह चावला, रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा, भाजपा के धर्मेंद बजाज ,हरीश कोटवाले,सेवादास पटेल ने अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि अनेको वर्षो से लायन्स क्लब खण्डवा सेवा का पर्याय है हर क्षेत्र में सराहनीय सेवा कर रहा है इसमें जुड़े सदस्य सेवा में अग्रणी है। जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लायन्स क्लब खण्डवा व लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा ने डिस्ट्रिक्ट व मल्टीपल ही नही वरन अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। कार्यक्रम में राजीव अत्रिवाल की माताजी,श्रीमती चंदा अत्रिवाल व परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। घनश्याम वाधवा ने ध्वज वंदना का वाचन किया।

## तिरुपति रेस्टोरेंट पर खाद्य विभाग की कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र » नीमच

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर श्री बीएस कलेश के निर्देशनुसार, खाद्य सुरक्षा विभाग नीमच की टीम ने नीमच शहर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आकस्मिक निरीक्षण किया एवं जांच कर नमूने लिए ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश प्रसाद ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मंगलवार को फर्म श्री तिरुपति फैमिली रेस्टोरेंट मनासा रोड़ नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर अस्वच्छ परीस्थितियों में खाद्य पदार्थ रोटी, सब्जी, दाल तैयार खाद्य आदि का निर्माण भंडारण पाया गया एवं किचन की दीवारें अत्यधिक गंदी पाई गई ओर फ्रिज में अस्वच्छ परीस्थितियों में खाद्य पदार्थ का भंडारण पाया गया।

किचन में बने फर्श पर वॉश बेसिन के अंदर ही ग्रेवी बनाने की मशीन संचालित पाई गई। टीम द्वारा मौके पर विक्रय हेतु भंडारीत एवं निर्मित खाद्य पदार्थ मदर चॉइस घी, दही, तैयार प्याज ग्रेवी, मिश्रीत दूध लस्सी, छाछ, पनीर जीरा अजवाइन, बेसन, तिल्ली के कुल 11 नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिए गए खाद्य सुरक्षा और मानकअधिनियम 2006 के प्रावधानों अनुसार परिसर में किचन संचालित नहीं होने से खाद्य पंजीयन निलंबित किया गया एवं क्रय विक्रय बंद कराया गया। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों का मेडिकल प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा ३२ के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गयाहै। प्रकरण की विवेचना कर प्रकरण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की विभिन्नधाराओं के अंतर्गत अपर कलेक्टर न्यायालय नीमच में दर्ज किया जाएगा।

### कोर समिति की बैठक संपन्न

खंडवा। सत्ता और संगठन के तालमेल से ही केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकास करने वाली सरकार चल रही है। जिले में प्रदेश के कोई भी मंत्री का प्रवेश होता है तो पार्टी की कोर समिति या अन्य बैठकों में भी मंत्रीगण शामिल होते हैं। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कोर समिति की बैठक में कहा कि पार्टी संगठन के निर्देश पर जिले में सभी कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न होते।

## निर्देश के बाद फोफनार क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधार के कार्य तेज

ब्रह्मास्त्र » बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के निर्देश पर ग्राम फोफनार एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को मजबूत और सुचारु बनाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। लंबे समय से लो वोल्टेज, अतिभार और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए गए हैं।

### 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित

क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए ग्राम तुरकगोराड़ा ग्रीड पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। यहां से निकलने वाली 11 केवी लाइन, जिसकी लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है, का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आगामी एक सप्ताह में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



### 33 केवी लाइन का निर्माण जारी

ग्राम बड़गांव से फोफनार के मध्य 33 केवी लाइन निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अधिक मजबूत और स्थिर हो सकेगी। माह के अंत तक यह कार्य पूरा होने की संभावना है।

खामनी फीडर पर बढ़ते विद्युत भार के कारण उत्पन्न ट्रिपिंग की समस्या को दूर करने के लिए 5 नए मिडस्पान पोल लगाए गए हैं तथा लगभग आधा किलोमीटर नई 11केवी लाइन स्थापित की गई है। साथ ही फोफनार ग्रीड का विद्युत भार जसौंदी ग्रीड पर शिफ्ट कर विद्युत आपूर्ति को अधिक संतुलित एवं सुचारु बनाया गया है।

इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में लो वोल्टेज, ओवरलोड एवं बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या में बड़ी कमी आएगी। इससे ग्रामीणों एवं किसानों को सिंचाई कार्यों के साथ घरेलू बिजली व्यवस्था में भी राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इन कार्यों के लिए विधायक अर्चना चिटनिस के प्रयासों की सराहना की है।

### कार चालक को एक वर्ष का कारावास

**रतलाम** - लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। अंकित भंजुग, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, जावरा जिला रतलाम के न्यायालय द्वारा आरोपी कुसमित पांचाल को दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया गया है।

## पीजी कॉलेज प्राचार्य पर दिव्यांग कर्मचारी से मारपीट का आरोप



ब्रह्मास्त्र » मंदसौर

शहर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्योतिस्वरूप दुबे द्वारा एक चतुर्थ श्रेणी दिव्यांग कर्मचारी के साथ मारपीट और प्रताड़ना के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने से आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकताओं और कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को वायडी नगर थाने के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कार्यकताओं ने थाने के सामने चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं ने को घसीटकर सड़क से हटाते हुए थाने के अंदर बैठाया।

इस हंगामे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन भी मौके पर पहुंचे। थाने के भीतर विधायक और थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय के बीच तीखी बहस देखने को मिली। विधायक ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अन्य मामलों में पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन एक दिव्यांग कर्मचारी के साथ हुई ज्यादती पर १५ दिन की जांच का हवाला दिया जा रहा है। उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर प्राचार्य के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं



# सीएम थलापति विजय ने तृषा के लिए बदले नियम

**एक्ट्रेस की फिल्म करप्पू के मॉर्निंग शो रखने की स्पेशल परमिशन दी, 3 सालों से था प्रतिबंध**

तमिलनाडू के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद थलापति विजय ने रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृषा के लिए फिल्म इंडस्ट्री के एक बड़े नियम में बदलाव किया है। विजय ने तृषा कृष्णन की फिल्म करप्पू के लिए सुबह 9 बजे की स्क्रीनिंग रखने की स्पेशल परमिशन दी है, जबकि अब तक साउथ में इस पर प्रतिबंध था। फिल्म करप्पू के प्रोडक्शन हाउस ड्रीम वॉरियर पिक्चर ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी जानकारी देते हुए थलापति विजय का शुक्रिया अदा किया है। पोस्ट में लिखा गया है, स्पेशल थैंक्स हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री थिरु जोसेफ विजय, करप्पू को सुबह 9 बजे की स्पेशल परमिशन देने के लिए। फिल्म करप्पू 14 मई को रिलीज हो रही है। पहले दिन से ही इसके सुबह 9 बजे के शो शुरू हो जाएंगे। फिल्म में तृषा कृष्ण और सूर्या लीड रोल में हैं।

### 2023 से तमिलनाडू में था मॉर्निंग शो पर प्रतिबंध

साल 2023 में फिल्म थुनिवू रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सुबह साढ़े 4 बजे के मॉर्निंग शो में भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक फैन का निधन हो गया था। इसके बाद से ही एहतियातन तमिलनाडू सरकार ने सुरक्षा कारणों से सुबह के शोज पर प्रतिबंध लगा दिया था। बता दें कि थलापति विजय का ये फैसला देना इसलिए भी सबका ध्यान खींच रहा है क्योंकि उनका नाम लंबे समय से तृषा कृष्णन से जुड़ रहा है। दोनों ने रिश्ते पर आधिकारिक तौर पर मुहर नहीं लगाई है, लेकिन तलाक की प्रोसेस के साथ लगातार तृषा के साथ स्पॉट होकर दोनों ने रिश्ते पर हिंट दे दिया है।

# तलाक की चर्चा पर मौनी रॉय ने तोड़ी चुप्पी

## बोलीं- हमें प्राइवेसी दें, गलत खबरें न फैलाएं

**सोशल मीडिया पर पति को अनफॉलो किया**









एक्ट्रेस मौनी रॉय और उनके पति सूरज नांबियार के तलाक की खबरों के बीच अब मोनी ने चुप्पी तोड़ी है। मोनी ने सोशल मीडिया पर लोगों से उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की है। मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नोट शेयर करते हुए लिखा सभी मीडिया हाउस से विनम्र निवेदन है कि वे गलत खबरें न फैलाएं। हमें स्पेस और प्राइवेसी दें, प्लीज।

**अनफॉलो करने और फोटो डिलीट करने से शुरू हुआ-** विवाद तलाक की ये खबरें तब शुरू हुईं जब फैंस ने गौर किया कि मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। बात सिर्फ अनफॉलो करने तक ही सीमित नहीं रही, सूरज ने अपनी प्रोफाइल से शादी की कई पुरानी तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि, मौनी की प्रोफाइल पर अब भी कुछ तस्वीरें मौजूद हैं।

**2022 में गोवा में हुई थी शादी-** मौनी रॉय और सूरज नांबियार ने 27 जनवरी 2022 को गोवा में एक ग्रैंड सेरेमनी में शादी की थी। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। इस शादी में मलयाली और बंगाली दोनों परंपराओं का पालन किया गया था। सूरज दुबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं और दोनों लंबे समय तक डेट करने के बाद शादी के बंधन में बंधे थे।

**मौनी रॉय के पास हैं कई फिल्में-** साल 2025 में मौनी रॉय फिल्म भूतनी में नजर आई थीं। जल्द ही वो तमिल फिल्म विश्वंभरा में कैमियो करती दिखेंगी। इसके अलावा वो है जवानी तो इश्क होना है और द वाइव्स जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



# साउथ एक्टर दिलीप राज का हार्ट अटैक से निधन

**47 साल के एक्टर को गोवा ट्रिप में सीने में दर्द उठा, बेंगलुरु लौटकर टेस्ट करवाना था**

साउथ के पॉपुलर एक्टर दिलीप राज का मंगलवार सुबह निधन हो गया है। 47 साल के एक्टर के निधन का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया जा रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, एक्टर को बेंगलुरु स्थित घर में सुबह सीने में तेज दर्द उठा था। परिवार द्वारा उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ दिनों पहले ही दिलीप राज गोवा ट्रिप पर गए थे। ट्रिप में बार-बार एक्टर के सीने में दर्द उठा था। तब उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वो घर लौटकर टेस्ट करवाने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही एक्टर का निध हो गया।

एक्टर के निधन की खबर मिलने के बाद उनके साथ फिल्म मॉकटेल 3 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस श्वेता प्रसाद ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा, दिलीप राज के निधन की चौंकाने वाली खबर सुनकर नींद खुली। अब भी यकीन करना बहुत मुश्किल है। हमारी हर बातचीत उनकी पत्नी और दोनों के एक-दूसरे के लिए प्यार के बारे में ही होती थी। बता दें कि दिलीप राज की दो बेटियां भी हैं। 2 सितंबर 1978 में दिलीप राज का जन्म बेंगलुरु में हुआ था। डांस में रुचि होने के चलते वो कॉलेज के दिनों में ही डांस ग्रुप का हिस्सा बन गए। आगे उन्होंने बतौर सपोर्टिंग एक्टर कन्नड़ सिनेमा में काम करना शुरू किया और फिर टीवी इंडस्ट्री से जुड़े। टीवी में सफलता हासिल करने के बाद दिलीप ने 2005 की फिल्म भाई फ्रेंड से फिल्मों में डेब्यू किया। उन्होंने करीब 24 फिल्मों में काम किया है, जिनमें मिलाना, यू टर्न, ट्रेडमिल शामिल हैं।


**बिग बॉस 19 की फर्स्ट रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट खतरों के खिलाड़ी 15 में दिखेंगी**

# असली लड़ाई कंटेस्टेंट्स से नहीं, अपने डर से होती है

बिग बॉस 19 की फर्स्ट रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट जल्द टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आएंगी। इस बार शो की थीम डर का नया दौर रखी गई है, जिसमें पुराने कंटेस्टेंट्स और नए चेहरों का जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा। फरहाना ने अपने डर, संघर्ष और लोगों के तानों पर बात की। फरहाना ने यह भी कहा कि खतरों के खिलाड़ी में असली मुकाबला दूसरे कंटेस्टेंट्स से नहीं, बल्कि अपने डर से होता है।

**'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बनने पर कैसा महसूस हो रहा है-** बहुत अलग फीलिंग है। एक्साइटमेंट भी है और डर भी। यह लाइफटाइम एक्सपीरियंस है, क्योंकि असल जिंदगी में आप ऐसे स्टंट नहीं कर सकते। रोहित शेट्टी जैसे लीजेंड के साथ और पूरी सेफ्टी के बीच यह सब करना बहुत बड़ी बात है। मैं इस शो के जरिए अपनी पर्सनैलिटी का एक नया हिस्सा एक्सप्लोर करना चाहती हूं।

**क्या बिग बॉस के दौरान ही आपने इस शो के लिए खुद को मानसिक तौर पर तैयार करना शुरू कर दिया था-** सच कहूं तो हां, लेकिन बिग बॉस से बाहर आने के बाद जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा था। काफी समय तक मैंने शो के बारे में सोचा ही नहीं, लेकिन जब इस सीजन के बारे में पता चला कि पुराने कंटेस्टेंट्स भी लौट रहे हैं और नए लोग भी होंगे, तब मुझे लगा कि यह बहुत दिलचस्प सीजन होने वाला है। इसलिए मैंने हां कह दिया।



**असल जिंदगी में आपका सबसे बड़ा डर क्या रहा है-** मैं आज भी बहुत सारी चीजों से डरती हूं। फर्क सिर्फ इतना है कि अब शायद मुझे उन डरों को करीब से देखने का मौका मिलेगा। जिंदगी इतनी तेज भागती है कि इंसान अपने डर के सामने रुककर खड़ा ही नहीं हो पाता, लेकिन अब शायद वो मौका मिलेगा कि डर को इतना करीब से देखूं कि डर खत्म हो जाए।

**क्या आपको हाइट, पानी और कीड़े-मकोड़ों वाले डर लगते हैं-** हर इंसान का अपना एक फियर पॉइंट होता है। मैंने जिंदगी में बहुत कुछ देखा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मुझे डर नहीं लगता। मुझे पानी से डर लगता है, ऊंचाई से डर लगता है। कीड़े-मकोड़ों और रेप्टाइल्स के बीच मैं कभी रही नहीं हूं, इसलिए पता नहीं वहां क्या हालत होगी, लेकिन मुझे लगता है कि यह पूरी जर्नी बहुत मजेदार होगी।



**बिग बॉस में आपने मेंटल गेम, प्लानिंग और स्ट्रैटजी देखी। क्या उससे यहां मदद मिलेगी-** मुझे लगता है कि फिजिकल प्रिपरेशन से ज्यादा मुश्किल मेंटल प्रिपरेशन होती है क्योंकि आपको नहीं पता वहां क्या होने वाला है। आपको सिर्फ इतना पता है कि पानी होगा, हाइट होगी, इलेक्ट्रिक शॉक होंगे या कीड़े होंगे। लेकिन किस तरह से होगा, कितना डरावना होगा, यह कोई नहीं जानता। इसलिए यह बहुत मिक्स फीलिंग है।

**इस सीजन में कई मजबूत फीमेल कंटेस्टेंट्स हैं। किसके साथ बॉन्डिंग और किसके साथ मुकाबला देखने का मन है-** जब तक मैं सबके साथ वक्त नहीं बिताऊंगी, तब तक कुछ नहीं कह सकती। मैं जिंदगी में कभी फेक नहीं हो सकती। अगर किसी के साथ दोस्ती होगी तो दिल से होगी, लेकिन अगर गेम के हिसाब से टीम बनानी पड़े या किसी के खिलाफ जाना पड़े, तो वो सिचुएशन पर निर्भर करेगा।

**बिग बॉस के आपके साथी गौरव भी शो में होंगे, उनके साथ बॉन्ड कैसा है-** बिग बॉस में हमारा बहुत अच्छा बॉन्ड था। फिर कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन अब हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम एक-दूसरे की पर्सनैलिटी को अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इस शो में दूसरा कंटेस्टेंट आपका असली कॉम्पिटिशन नहीं होता। आपका सबसे बड़ा कॉम्पिटिशन आपका खुद का डर होता है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया

# कोहली के टी-20 में सबसे तेज 14 हजार रन

## 12वीं बार 400+ रन बनाए, आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर भी बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हरा दिया। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में विराट कोहली ने कई रिकाड्र्स बना डाले।

कोहली ने नाबाद 105 रन की पारी खेली। इसी के साथ वे टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने आईपीएल में 12वीं बार 400+ रन का आंकड़ा भी पार किया। वे लीग इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी बने।



**कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर-** विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। आरसीबी के लिए खेलते हुए उन्होंने अपना 279वां मुकाबला खेला और महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। धोनी और रोहित ने आईपीएल में 278-278 मैच खेले हैं। कोहली के नाम अब आईपीएल में 9000 से ज्यादा रन हो चुके हैं। उन्होंने 279 मैचों में 9 शतक और 66 फिफ्टी की मदद से 9145 रन बनाए हैं।

**कोहली ने लगाया आईपीएल करियर का 9वां शतक-** कोहली ने आईपीएल में अपना 9वां शतक जड़ दिया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने के रिकॉर्ड को और मजबूत कर लिया। जोस बटलर 7 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

कोहली ने टी-20 क्रिकेट में अपना 10वां शतक भी लगाया। इसके साथ ही वह सबसे ज्यादा टी-20 सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में डेविड वॉर्नर की बराबरी पर पहुंच गए। क्रिस गेल 22 शतकों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे आगे हैं, जबकि बाबर आजम के नाम 13 सेंचुरी दर्ज हैं। कोहली ने रनचेज करते हुए आईपीएल में अपना तीसरा शतक लगाया। इसके साथ ही उन्होंने जोस बटलर की बराबरी कर ली। आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा चेजिंग सेंचुरी अब बटलर और कोहली के नाम हैं। विराट कोहली आईपीएल में दो अलग-अलग टीमों के खिलाफ 2-2 शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने गुजरात लॉयंस और कोलकाता नाइट राइडर्स, दोनों के खिलाफ दो-दो सेंचुरी लगाई हैं।

**कोहली सबसे तेज 14 हजार टी-20 रन बनाने वाले बल्लेबाज-** कोहली ने टी-20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह सबसे कम पारियों में इस आंकड़े तक पहुंचने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने यह उपलब्धि सिर्फ 409 पारियों में हासिल की। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 423 पारियों में 14 हजार टी-20 रन पूरे किए थे।

**कोहली ने रोहित शर्मा की बराबरी की-** कोहली ने आईपीएल में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। कोलकाता के खिलाफ मैच जिताऊ शतक लगाने के बाद कोहली को 21वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब उनके और रोहित शर्मा, दोनों के नाम आईपीएल में 21-21 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड हो गए हैं। इस लिस्ट में महेंद्र सिंह धोनी 18 अवॉर्ड के साथ तीसरे, जबकि रवींद्र जडेजा और केएल राहुल 17-17 अवॉर्ड के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

**कोहली ने 12वीं बार किसी सीजन में 400+ रन बनाए-** कोहली ने आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा सीजन में 400+ रन बनाने का रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। यह 12वां सीजन है, जब कोहली ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर 9 सीजन के साथ डेविड वॉर्नर हैं।

**कोहली कोलकाता के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने-** कोहली आईपीएल में कोलकाता के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोलकाता के खिलाफ शतक लगाने के बाद उनके इस टीम के खिलाफ 1126 रन हो गए। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी कोहली के नाम है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 1174 और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 1172 रन बनाए हैं।

**भुवनेश्वर ने चहल की बराबरी की-** भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल में कोलकाता के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में युजवेंद्र चहल की बराबरी कर ली। दोनों गेंदबाजों के नाम अब 33-33 विकेट हो गए हैं।

# आईपीएल में पंजाब धर्मशाला में 'करो या मरो' की स्थिति में



## मुंबई आज खेल बिगाड़ सकती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला

लगातार 4 मैच हारने के बाद पंजाब किंग्स मुश्किल में है। टीम 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अभी 2 मैच और जीतने हैं।

गुरुवार को धर्मशाला में मुंबई इंडियंस उसके लिए चुनौती बन सकती है। मुंबई ने पिछले मैच में रायपुर में बेंगलुरु को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि, भुवनेश्वर के छक्के से बेंगलुरु को जीत मिली थी। पंजाब की सबसे बड़ी परेशानी उसकी गेंदबाजी है। कप्तान श्रेयस अय्यर भी यह मान चुके हैं। उन्होंने कहा था- टूर्नामेंट की शुरूआत में बैटर्स के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी की कमजोरियां सामने नहीं आई। लेकिन, अब यह चिंता का विषय बन गई हैं। पिछले रिकॉर्ड में दोनों टीमें बराबरी पर पंजाब और मुंबई का हेड-टु-हेड रिकॉर्ड बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच 35 मैच खेले गए हैं। दोनों ने 17-17 मैच जीते हैं, जबकि एक मैच टाई रहा। आज जीतने वाली टीम बढ़त हासिल करेगी। कोनोली पंजाब के टॉप स्कोरर इस सीजन पंजाब किंग्स के लिए कूपर कोनोली शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 11 मैचों में 415 रन बनाए हैं। उनके नाम 1 शतक और 2 अर्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 168.01 रहा है। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 11 मैचों में 13 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर 3 विकेट रहा है। रिकेल्टन ने मुंबई से सबसे ज्यादा रन बनाए मुंबई इंडियंस के लिए रायन रिकेल्टन ने 9 मैचों में 382 रन बनाए हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### भारतनेट के तहत

## आंध्र प्रदेश को केंद्र से 2,432 करोड़ की मदद



### गुजरात में 20% बढ़ा नारियल उत्पादन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

डिजिटल भारत निधि के तहत केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश को 2432 करोड़ की सहायता राशि देगी। राज्य सरकार के साथ संशोधित भारतनेट कार्यक्रम का समझौता किया गया है। इसके तहत केंद्र से 2,432 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी बढ़ाना है। इससे पांच लाख से अधिक ग्रामीण घरों को फाइबर कनेक्शन मिलेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 अगस्त 2023 को इस कार्यक्रम को मंजूरी दी थी।

**गुजरात में नारियल उत्पादन 20 प्रतिशत बढ़ा-** गुजरात में पिछले दो वर्षों में कच्चे नारियल के उत्पादन में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के बागवानी विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब इसका कुल वार्षिक उत्पादन लगभग 26 करोड़ नारियल होने का अनुमान है। यह बढ़ोतरी राज्य के तटीय जिलों में नारियल की खेती के लगातार विस्तार के साथ दर्ज की गई है, जो बागवानी-आधारित खेती की ओर हो रहे क्रमिक बदलाव को दर्शाती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गुजरात में नारियल की खेती इस समय लगभग 28,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। मुख्य योगदान देने वाले जिलों में गिर सोमनाथ, जूनागढ़, भावनगर, वलसाड, नवसारी, कच्छ और देवभूमि द्वारका शामिल हैं। 2024-25 के दौरान कच्चे नारियल की औसत उत्पादकता लगभग 9.26 हजार प्रति हेक्टेयर थी, जो कई उत्पादक क्षेत्रों में बेहतर पैदावार का संकेत है। मौजूदा योजनाओं के तहत, किसानों को नारियल के बाग लगाने पर 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी मिलती है।

### रसोई के बजट पर महंगाई की मार; टमाटर और एलपीजी ने बिगाड़ा स्वाद

# अप्रैल में 2% महंगी हुई आपकी थाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अप्रैल में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमतों में 2% का उछाल क्यों आया? टमाटर और एलपीजी ने कैसे बिगाड़ा रसोई का बजट, पूरी रिपोर्ट जानने के लिए पढ़ें।

आम आदमी की रसोई पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। अप्रैल 2026 में घर में पकी शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह की थालियों की कीमत में दो प्रतिशत का उछाल आया है। क्रिसिल की हालिया रोटी राइस रेट' रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर के लाल होते दाम, महंगे खाद्य तेल और एलपीजी सिलेंडर ने आम आदमी की जेब का बोझ काफी बढ़ा दिया है। आइए, इस पूरी रिपोर्ट को आसान सवालों और जवाबों के जरिए समझते हैं कि आखिर आपकी थाली का स्वाद क्यों और कितना महंगा हो गया है।

**अप्रैल में थाली की कीमतों में कितनी बढ़ोतरी हुई है और इसका मुख्य कारण क्या है-** क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों के इनपुट मूल्यों के आधार पर अप्रैल 2026 में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की लागत सालाना आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बढ़ोतरी के पीछे सबसे बड़ा कारण टमाटर, वनस्पति तेल और रसोई गैस (एलपीजी) के दाम में हुआ इजाफा है। महीने-दर-महीने के आधार पर देखें तो अप्रैल में शाकाहारी थाली की कीमत स्थिर रही, जबकि मांसाहारी थाली 1 प्रतिशत महंगी हो गई।

**टमाटर की कीमतों में अचानक इतना उछाल क्यों आया है-** थाली की कीमत बढ़ने में टमाटर की सबसे अहम भूमिका रही है। पिछले साल के 21 रुपये प्रति किलो के मुकाबले अप्रैल 2026 में टमाटर की कीमतें 38 प्रतिशत बढ़कर 29 रुपये प्रति किलो हो गईं। इसका मुख्य कारण दक्षिणी राज्यों में टमाटर की खेती का रकबा कम होना है, जिससे इसके उत्पादन में 3-4 प्रतिशत की गिरावट आई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुषन शर्मा के मुताबिक, उत्तरी क्षेत्रों में हीटवेव (लू) की चिंताओं और कमजोर बुवाई के कारण जुलाई-अगस्त के दौरान टमाटर की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं।

**अब आगे की क्या राह-** भले ही आलू, प्याज और दालों ने आम आदमी की जेब को थोड़ी राहत दी हो, लेकिन टमाटर, गैस और खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों ने थाली का बजट कुल मिलाकर बढ़ा ही दिया है। जानकारों की मानें तो आने वाले महीनों में गर्मी और कम बुवाई के कारण टमाटर के दाम चिंता का विषय बने रहेंगे, जिससे घरेलू खर्चों पर महंगाई का दबाव बरकरार रहने की आशंका है।



### क्या सिर्फ सब्जियां महंगी हुई, या गैस और तेल ने भी असर डाला?

सब्जियों के अलावा वैश्विक आपूर्ति में आई बाधाओं ने भी रसोई का बजट बिगाड़ा है। इसके परिणामस्वरूप, वनस्पति तेल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में सालाना आधार पर 7-7 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जिसने घरेलू खर्चों को बढ़ा दिया है।

### मांसाहारी थाली के महंगे होने की क्या वजह रही?

रिपोर्ट के अनुसार, मांसाहारी थाली की लागत बढ़ने का मुख्य कारण ब्रॉयलर (चिकन) की कीमतों में 2 प्रतिशत का इजाफा होना है, जो कि मांसाहारी प्लेट की कुल लागत का लगभग आधा (50%) हिस्सा होता है। भीषण गर्मी के कारण मुर्गियों की मौत का आंकड़ा बढ़ा है, जिससे बाजार में सप्लाई में कमी आई और इसके दाम बढ़ गए।

### क्या किसी चीज से आम आदमी को राहत भी मिली है?

**जवाब:** हां, कुछ जरूरी सब्जियों और दालों ने इस महंगाई में थोड़ी राहत दी है। अत्यधिक आपूर्ति और कमजोर निर्यात के कारण प्याज की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा, रबी की पैदावार 2-3 प्रतिशत बढ़ने और कोल्ड स्टोरेज से स्टॉक निकलने के चलते आलू 14 प्रतिशत सस्ता हुआ है। वहीं, तूर दाल के शुल्क मुक्त आयात के कारण बाजार में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हुई, जिससे दालों की कीमतों में भी 4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

### आरबीआई गवर्नर ने चेताया

## स्थिति न सुधरी तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी तय



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी संभव है, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसकी आशंका जताई है। क्रूड की बढ़ती कीमतों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके असर को समझाती यह रिपोर्ट पढ़ें।

वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक तनावों का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। ज्यूरिख में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और स्विस नेशनल बैंक की ओर से आयोजित 12वें उच्च-स्तरीय सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अहम बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जो भारी उछाल आया है, उसका बोझ अब तक सरकार उठा रही है। लेकिन, अगर यह वैश्विक व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है।

**सरकार पर बढ़ता दबाव और कीमतों में संभावित उछाल-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद, भारत सरकार ने अब तक पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा है। इसके लिए सरकार ने अपनी तरफ से ड्यूटी कम करने और गैस जैसी कुछ नियंत्रित कीमतों में मामूली वृद्धि करने जैसे कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, पिछले 75 दिनों से अधिक समय से जारी इस संकट के कारण मौजूदा स्थिति को अनिश्चित काल तक बनाए रखना संभव नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह केवल समय की बात है कि सरकार इन बढ़ी हुई कीमतों का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाल देगी।

### अप्रैल महीने में भारत के रूस से कच्चे तेल के आयात में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज

# रूस से तेल आयात में गिरावट: नायरा एनर्जी रिफाइनरी के मेंटेनेंस ने बिगाड़ा खेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रूस से भारत के तेल आयात में अप्रैल में 15% से अधिक की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण नायरा एनर्जी रिफाइनरी का रखरखाव था। जानें इस घटना का ऊर्जा बाजार और भारत की आयात नीति पर क्या प्रभाव पड़ा। अप्रैल महीने में भारत के रूस से कच्चे तेल के आयात में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। इस कमी का मुख्य कारण देश की एक प्रमुख खरीदार, नायरा एनर्जी की रिफाइनरी का नियमित रखरखाव के लिए बंद होना बताया जा रहा है। यूरोपीय थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शटडाउन ने न केवल आयात को प्रभावित किया, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में भी हलचल मचा दी है।

**आयात में गिरावट का आकलन-** रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल आयात किया, जो पिछले महीने यानी मार्च में 5.3 अरब यूरो था। यह स्पष्ट रूप से एक महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है। सीआरईए ने यह भी बताया कि अप्रैल 2026 में भारत रूसी जीवाश्म ईंधनों का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार था, जिसने कुल पांच अरब यूरो के हाइड्रोकार्बन का आयात किया।



**तेल, कोयला और अन्य उत्पादों का योगदान-** अप्रैल में भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल का हिस्सा 90 प्रतिशत था, जिसकी कीमत 4.5 अरब यूरो थी। इसके अलावा, 297 मिलियन यूरो का कोयला और 209 मिलियन यूरो के तेल उत्पादों का भी आयात किया गया। मार्च में, भारत ने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया था, जिसमें कच्चे तेल के उत्पादों का हिस्सा 91 प्रतिशत (5.3 अरब यूरो) था। कोयले और तेल उत्पाद का शेष हिस्सा था।

**रिफाइनरी शटडाउन का प्रभाव-** भारत के कुल कच्चे तेल के आयात की मात्रा में अप्रैल में 3.7 प्रतिशत की कमी आई, जिसमें रूसी आयात में 19.4 प्रतिशत की मासिक कमी आंशिक रूप से जिम्मेदार थी। नायरा एनर्जी की वड़ोदरा रिफाइनरी के रूस से कच्चे तेल के आयात में लगभग 92 प्रतिशत की कमी देखी गई, जबकि गुजरात के जामनगर रिफाइनरी के आयात में 38 प्रतिशत की कमी आई। इसके विपरीत, सरकारी स्वामित्व वाली इंडियनऑयल की वड़ोदरा रिफाइनरी का आयात 87 प्रतिशत बढ़ा। नायरा एनर्जी की वड़ोदरा रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल के आयात में आई यह गिरावट 9 अप्रैल, 2026 से शुरू हुए रखरखाव संबंधी शटडाउन के कारण हुई, क्योंकि यह रिफाइनरी विशेष रूप से रूसी फीडस्टॉक पर निर्भर करती है। रूसी तेल दिग्गज रोसनेफ्ट, नायरा एनर्जी में एक प्रमुख शेयरधारक है।

**निर्यात और मूल्य निर्धारण-** अप्रैल 2026 में, भारत, तुर्किये, ब्रुनेई और जॉर्जिया में रूसी कच्चे तेल का उपयोग करने वाली रिफाइनरियों ने प्रतिबंध लगाने वाले देशों को 760 मिलियन यूरो के तेल उत्पादों का निर्यात किया। इनमें यूरोपीय संघ (145 मिलियन यूरो), ऑस्ट्रेलिया (399 मिलियन यूरो) और अमेरिका (216 मिलियन यूरो) शामिल थे। अनुमान है कि इनमें से 232 मिलियन यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से परिष्कृत किए गए थे। अप्रैल 2026 में, रूस के यूराल क्रूड का औसत मूल्य महीने-दर-महीने 19 प्रतिशत बढ़कर 112.3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया, जो 1 फरवरी, 2026 को प्रभावी हुए 44.1 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की यूरोपीय संघ और यूके की मूल्य सीमा से दोगुना से अधिक था। अमेरिकी प्रतिबंधों में विस्तारित छूट के बाद रूसी कच्चे तेल की मांग बढ़ने के कारण, टैंकर की उपलब्धता और अन्य बाजार कारकों की बाधाओं के बीच, अप्रैल में वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट की तुलना में यूराल-ग्रेड कच्चे तेल की कीमत में भारी गिरावट आई।

### अन्य रिफाइनरियों का रुख

सरकारी स्वामित्व वाली न्यू मैंगलोर और विशाखापत्तनम रिफाइनरियों ने नवंबर 2025 के अंत में रूसी आयात बंद कर दिया था, लेकिन मार्च 2026 में खरीद फिर से शुरू हुई और अप्रैल तक जारी रही। विशेष रूप से, विशाखापत्तनम की रूसी आयात में महीने-दर-महीने 149 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### अमेरिकी छूट का प्रभाव

पिछले दो महीनों में रूसी तेल के आयात में वृद्धि का एक कारण संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा रूसी तेल पर प्रतिबंधों में छूट देना था, जिसमें पहले से ही समुद्र में मौजूद कार्गो और पहले से प्रतिबंधित जहाजों पर शिपमेंट शामिल थे। इसका उद्देश्य ईरान के साथ युद्ध के बाद बढ़ी कीमतों को कम करना था। इस छूट के बाद, सरकारी रिफाइनरियों ने, जिन्होंने पहले रूसी तेल की खरीद रोक दी थी, मॉस्को से आयात फिर से शुरू कर दिया था।

### वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति

उफ्रअ के अनुसार, 5 दिसंबर, 2022 से अप्रैल 2026 के अंत तक, चीन ने सभी रूसी कोयला निर्यात का 37 प्रतिशत खरीदा। भारत (19 प्रतिशत), तुर्किये (15 प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (12 प्रतिशत) और ताइवान (4 प्रतिशत) शीर्ष पांच खरीदारों की सूची में शामिल हैं। कच्चे तेल के निर्यात में चीन 49 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है, इसके बाद भारत (37 प्रतिशत), तुर्किये (6 प्रतिशत) और यूरोपीय संघ (5 प्रतिशत) का स्थान है।

# यूपी में आंधी-तूफान, 56 लोगों की मौत:80 किमी प्रति घंटे की आंधी में युवक उड़ा, राजस्थान में रेड अलर्ट





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 56 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 17 मौतें प्रयागराज और 16 मौतें भदोही में हुईं।

यहां 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक युवक टीनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4त्व रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1त्व तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 45.4 डिग्री रहा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में वार्म नाइट का भी अलर्ट है।

इधर, हरियाणा के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.1 डिग्री बढ़ोतरी हुई। राज्य के 5 शहरों में 40 डिग्री से ज्यादा रहा, इनमें नारनौल 42.5 डिग्री रहा। राज्य में 17 मई से हीटवेव का यलो अलर्ट है। बिहार के पूर्णिया-कटिहार समेत 7 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है।

## आधा मध्यप्रदेश हीट वेव की चपेट में: इंदौर-उज्जैन में आज तेज लू का ऑरेंज अलर्ट

- एमपी में रिकॉर्ड गर्मी का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के शहरों में भीषण गर्मी पड़ी। छतरपुर के खजुराहो में पारा 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल की माने तो अगले 4 दिन तक प्रदेश का आधा हिस्सा लू की चपेट में रहेगा।
- गुरुवार को इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में तीव्र लू का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, इंदौर, उज्जैन-धार की रात में भी तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। यहां वॉर्म नाइट की चेतावनी है। इस दौरान गर्म हवाएं चलेंगी। झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ में भी लू चलेगी।
- गुरुवार को भोपाल, जबलपुर-ग्वालियर समेत बाकी हिस्से में भी तेज गर्मी पड़ेगी। इनमें शाजापुर, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, निवाड़ी, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, टीकमगढ़, छतरपुर में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच सकता है।
- प्रदेश में बुधवार को भीषण गर्मी के साथ आंधी-बारिश का दौर भी रहा। 12 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार रहा। खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम तक जबलपुर-सिवनी में बारिश हुई। वहीं, पांढुर्णा में ओले गिरे। कई जिलों में आंधी का दौर भी जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, खजुराहो के बाद रतलाम-धार सबसे गर्म रहे। रतलाम में तापमान 45.2 डिग्री और धार में 45 डिग्री सेल्सियस रहा। शाजापुर में 44.7 डिग्री, गुना में 44.6 डिग्री, श्योपुर-सागर में 44.4 डिग्री, खरगोर-रायसेन में 44.2 डिग्री, खंडवा में 44.1 डिग्री और दमोह में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में उज्जैन सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.7 डिग्री रहा। भोपाल में 43.2 डिग्री, इंदौर में 43.6 डिग्री, ग्वालियर में 42 डिग्री और जबलपुर में तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




## पीएम की बचत की अपील, 11 राज्यों में असर: हरियाणा: सीएम ने काफिला घटाया

# त्रिपुरा में 50% कर्मचारी ही ऑफिस आएंगे; आंध्र प्रदेश में सीएम का काफिला आधा हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी की बचत की अपील का असर 11 राज्यों में दिख रहा है। त्रिपुरा में ग्रुप उ और ऊ के सिर्फ 50% सरकारी कर्मचारी ही रोज ऑफिस आएंगे, बाकी कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पेट्रोल बचाने और सरकारी खर्च कम करने के लिए अपने काफिले में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों की संख्या 50% कम करने का फैसला लिया है।

पंजाब में गवर्नर ऑफिस में हर बुधवार को अधिकारी चार-पहिया वाहन से नहीं आएंगे। हरियाणा में सीएम नायब सिंह सैनी हफ्ते में एक दिन बिना गाड़ी के चलेंगे। इससे पहले बुधवार को दिल्ली, यूपी, एमपी, राजस्थान और बिहार में भी श्स्क्ब काफिले में गाड़ियों की संख्या कम कर दी गई है। पीएम मोदी भी बुधवार को काफिला छोड़ सिर्फ 2 गाड़ियों के साथ निकले। आमतौर पर पीएम के काफिले में 12 से 15 गाड़ियां रहती हैं।



ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने अपने काफिले की गाड़ियां घटा दी हैं। उनके काफिले में सिर्फ चार गाड़ियां हैं। जिसमें दो पुलिस की गाड़ी शामिल हैं। त्रिपुरा सरकार ने खर्च और पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब सरकारी दफ्तरों में ग्रुप उ और ऊ के सिर्फ 50% कर्मचारी ही रोज ऑफिस आएंगे, बाकी कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। सरकार ने सभी विभागों को कर्मचारियों की साप्ताहिक ड्यूटी रोस्टर बनाने के निर्देश दिए हैं। जरूरी और इमरजेंसी सेवाओं वाले कर्मचारियों पर यह नियम लागू नहीं होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए अपने सरकारी काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अब उनके काफिले में सिर्फ सुरक्षा के लिए जरूरी वाहन ही शामिल होंगे। सीएम ने यह भी तय किया है कि वे हफ्ते में एक दिन कोई भी गाड़ी इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## कर्नाटक स्कूलों में हिजाब बैन का आदेश वापस, 2022 में रोक लगी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने स्कूल और कॉलेजों में हिजाब बैन वाले 2022 के फैसले को वापस ले लिया है। नए आदेश के तहत स्टूडेंट्स को हिजाब के अलावा कलावा, रुद्राक्ष और जनेऊ की भी अनुमति दी गई है। बशर्ते ये स्कूल के अनुशासन और नियमों के तहत हों। कर्नाटक की तत्कालीन BJP सरकार ने फरवरी 2022 में एक आदेश जारी किया था। जिसके तहत सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों में छात्रों को निर्धारित यूनिफॉर्म का पालन करना अनिवार्य किया गया।

आदेश में कहा गया था कि ऐसे कपड़े पहनने की अनुमति नहीं होगी जो 'समानता, एकता और सार्वजनिक व्यवस्था' को प्रभावित करें। इसी आदेश के बाद कई सरकारी शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनकर क्लॉस में इंट्री पर रोक लग गई थी। कर्नाटक के उडुपी जिले के एक कॉलेज में 31 दिसंबर 2021 को 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने से रोक दिया गया था, जिसके बाद वे धरने पर बैठ गईं। यह विवाद राज्य के बाकी हिस्सों में भी फैल गया। इसके बाद हिंदू संगठनों से जुड़े छात्रों ने बदले में भगवा शॉल पहनकर कॉलेज आना शुरू कर दिया। हिंसा हुई तो फरवरी 2022 में राज्य सरकार ने स्कूल-कॉलेजों में सभी तरह के धार्मिक पहचान वाले कपड़े पहनने पर रोक लगा दी। आदेश में कहा गया था कि कोई भी कपड़ा जो समानता, अखंडता और सार्वजनिक कानून व्यवस्था को परेशान करेगा, उसे पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस आदेश को लेकर जमकर बवाल हुआ था। मार्च 2022 में कर्नाटक हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश को सही ठहराया और कहा कि इस्लाम में हिजाब ह्यअनिवार्य धार्मिक प्रथाह्व साबित नहीं हुआ। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

अक्टूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच में विभाजित फैसला आया। एक जज ने बैन हटाने की बात कही, दूसरे ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। अक्टूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट के दो-जजों की बेंच ने विभाजित फैसला दिया। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले और बैन को सही माना। जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा और पसंद ज्यादा महत्वपूर्ण है और बैन गलत है।

दोनों जजों की राय अलग होने के कारण मामला बड़ी बेंच को रेफर कर दिया गया। इसके बाद कई साल तक बड़ी बेंच में नियमित सुनवाई शुरू नहीं हुई और अंतिम संवैधानिक फैसला लंबित रहा। इस बीच कानूनी स्थिति यह बनी रही कि कर्नाटक हाईकोर्ट का 2022 वाला फैसला प्रभावी माना जाता रहा, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उसे पूरी तरह निरस्त नहीं किया था। चार साल के इंतजार के बाद जब कोर्ट की तरफ से कोई अंतिम फैसला नहीं आया। तब कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर पुराना बैन आदेश वापस ले लिया।

## पुणे- अस्पताल के अंदर बम मिला:7 घंटे का टाइमर लगा था

पुणे के हडपसर इलाके में एक प्राइवेट हॉस्पिटल के अंदर कम तीव्रता वाला विस्फोटक मिला। पुलिस के मुताबिक, यह बम जैसी ही डिवाइस थी जिसे अस्पताल के वॉशरूम में रखा गया था। डिवाइस में कुछ तार थे जो टाइमर से जुड़े थे। टाइमर को 7 घंटे के लिए सेट किया गया था। बम स्कॉड की एक टीम तुरंत मौके पर भेजी गई। विस्फोटक को बाहर मैदान में लाकर डिफ्यूज किया गया। पुणे पुलिस की एक टीम, क्राइम ब्रांच और एंटी टेररिस्ट स्कॉड ने जांच शुरू कर दी है। आतंकवाद सहित सभी एंगल से जांच की जा रही है। अस्पताल के एक डॉक्टर विलास गायकवाड़ ने बताया कि शाम करीब 7:30 बजे अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बने वॉशरूम में एक डिब्बे के अंदर बम जैसी वस्तु रखी थी। डॉक्टर ने बताया कि उस डिवाइस के अंदर तारों से जुड़े कुछ डंडे थे, जो एक टाइमर से जुड़े हुए थे।

### ट्रम्प ने कहा- आपका दोस्त होना सम्मान की बात

# चीन में डोनाल्ड ट्रम्प-जिनपिंग की मुलाकात, चीनी राष्ट्रपति बोले-अमेरिका और चीन पार्टनर बनें, प्रतिद्वंदी नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में जिनपिंग ने ट्रम्प का स्वागत किया। इस दौरान ट्रम्प को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया।

बैठक की शुरूआत में जिनपिंग ने कहा कि पूरी दुनिया इस बैठक पर नजर लगाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार बनना चाहिए।

वहीं ट्रम्प ने जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा, आपका दोस्त होना सम्मान की बात है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी नेताओं को अपने साथ लेकर चीन आए हैं। ट्रम्प के प्रतिनिधिमंडल में एलन मस्क, एप्पल उएड टिम कुक और बोइंग उएड समेत कई बड़े अमेरिकी कारोबारी शामिल हैं। बैठक में व्यापार, टैरिफ, सेमीकंडक्टर, अक् रेयर अर्थ मिनरल्स और ताइवान जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

### अमेरिका-चीन में 9 लाख करोड़ रुपए की डील संभव

इस दौरे की सबसे बड़ी चर्चा बोइंग विमान डील को लेकर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन अमेरिकी कंपनी बोइंग से करीब 9 लाख करोड़ रुपए के विमानों की खरीद का बड़ा समझौता कर सकता है। अगर यह डील होती है तो यह दुनिया की सबसे बड़ी एविएशन डील्स में शामिल हो सकती है। बैठक में व्यापार, टैरिफ, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और ताइवान जैसे मुद्दों पर भी बातचीत होगी। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के रिश्तों में काफी तनाव रहा है, इसलिए इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

### ट्रम्प बोले- अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होंगे

ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। ट्रम्प ने दोनों देशों के संबंधों को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि वह जिनपिंग के साथ बातचीत को लेकर उत्साहित हैं और अमेरिका में हर कोई इस शिखर बैठक की चर्चा कर रहा है। ट्रम्प ने कहा, आपके साथ होना सम्मान की बात है। आपका दोस्त होना सम्मान की बात है और अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं।ह्व उन्होंने जिनपिंग के साथ अपने रिश्तों को शानदार बताया और कहा कि दोनों देशों का भविष्य बेहतर रहेगा।



### ट्रम्प बोले- आपका दोस्त होना सम्मान की बात

बैठक में ट्रम्प ने जिनपिंग से कहा कि उनका दोस्त होना सम्मान की बात है। बीजिंग में शिखर वार्ता की शुरूआत में ट्रम्प ने कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी नेताओं को साथ लेकर चीन आए हैं। उन्होंने ने कहा, ह्लआज यहां सिर्फ टॉप लोग मौजूद हैं, जो आपका सम्मान करने आए हैं।ह्व जिनपिंग ने ट्रम्प से कहा कि अमेरिका और चीन को मिलकर बेहतर भविष्य बनाना चाहिए। बीजिंग में शिखर वार्ता की शुरूआत में उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इस बैठक पर नजर लगाए हुए है। ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में शुरूआती संबोधन के दौरान जिनपिंग ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और वैश्विक स्थिति अस्थिर बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि दुनिया एक नए मोड़ पर खड़ी है और अब यह सवाल है कि क्या अमेरिका और चीन टकराव से बचकर रिश्तों का नया मॉडल बना सकते हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को मिलकर वैश्विक चुनौतियों का सामना करना चाहिए और दुनिया को ज्यादा स्थिरता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा, ह्लक्या हम दुनिया, अपने लोगों और मानवता के भविष्य के लिए अपने द्विपक्षीय रिश्तों का बेहतर भविष्य बना सकते हैं?ह्व जिनपिंग ने कहा कि ये सवाल इतिहास, दुनिया और लोगों के लिए बेहद अहम हैं और दोनों नेताओं को मिलकर इनका जवाब देना होगा। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ शिखर वार्ता की शुरूआत में कहा कि अमेरिका और चीन को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार बनना चाहिए।

### एंटी-इमिग्रेशन प्रदर्शनकारियों ने नीदरलैंड में शरणार्थी आश्रय केंद्र में आग लगाई

नीदरलैंड के लूसड्रेख्ट शहर में एंटी-इमिग्रेशन प्रदर्शनकारियों ने एक अस्थायी शरणार्थी आश्रय केंद्र में आग लगा दी। घटना मंगलवार शाम की है। उसी दिन 15 शरणार्थियों का पहला समूह वहां पहुंचा था। डच मीडिया ठडर के मुताबिक स्थानीय प्रशासन ने खाली पड़े टाउन हॉल को अस्थायी शरणार्थी केंद्र में बदलने का फैसला किया था। शरणार्थियों के पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने इमारत पर पटाखे फेंकने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर सामान फेंका और दमकलकर्मियों को आग बुझाने से रोकने की कोशिश की। बाद में फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। घटना के बाद कई लोगों को हिरासत में लिया गया। लूसड्रेख्ट की आबादी करीब 8,600 है। यहां पिछले कई हफ्तों से शरणार्थियों के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे थे। विरोध के चलते प्रशासन को 110 शरणार्थियों को बसाने की योजना घटाकर 70 करनी पड़ी थी।

# ईरान बोला- अब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं

### हमारी सेना पूरी तरह तैयार, अमेरिका को हमारी ताकत का सही अंदाजा नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमी निया ने बुधवार को कहा है कि अमेरिका और इजराइल के साथ जंग के बाद अब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना और सुरक्षा बल पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि अमेरिका के साथ युद्धविराम काफी कमजोर है। अकरमी निया ने बताया कि होर्मुज के पश्चिमी हिस्से पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नेवी का कंट्रोल है, जबकि पूर्वी हिस्से की जिम्मेदारी ईरान की रेगुलर नौसेना संभाल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सेना ने दुश्मन को उसके किसी भी मकसद में सफल नहीं होने दिया। युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मौजूद कई इक्विपमेंट तबाह कर दिए गए।



अकरमी निया ने ईरान की सैन्य ताकत की तारीफ करते हुए कहा कि दुश्मन (अमेरिका-इजराइल) ने ईरान की क्षमताओं का सही अंदाजा नहीं लगाया था। संयुक्त अरब अमीरात (वअए) ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कथित गुप्त दौरे की रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है। वअए विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसी भी अघोषित यात्रा या गुप्त व्यवस्था का दावा पूरी तरह बेबुनियाद है।

### ईरान में सरकार समर्थक रैली में रंग-बिरंगे शाहेद ड्रोन की परेड

ईरान में सरकार समर्थक रैलियों के दौरान रंग-बिरंगे शाहेद ड्रोन की सड़कों पर परेड निकाली गई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियोज में ड्रोन कारों के ऊपर रखकर घुमाए गए और बड़ी संख्या में लोग इस्लामिक रिपब्लिक के समर्थन में सड़कों पर उतरे। कुछ ड्रोन गुलाबी और नीले रंग में रंगे हुए थे। रैलियों में शामिल लोगों ने इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान की सैन्य ताकत के समर्थन में नारे लगाए। शाहेद-136 ईरान का सुसाइड ड्रोन है, जिसका इस्तेमाल लंबी दूरी के हमलों में किया जाता है। यह ड्रोन रूस-यूक्रेन युद्ध और हालिया ईरान संघर्ष में भी चर्चा में रहा है।

### ट्रम्प बोले- ईरान के खिलाफ हर हाल में जंग जीतेंग, वे समझौता करेंगे या तबाह हो जाएंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, ह्लईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद है। उन्होंने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट पर भी चर्चा होगी। हालांकि, व्यापार बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर खर्च हुई है। इसमें सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का खर्च शामिल नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कांग्रेस से अतिरिक्त रक्षा बजट की मांग की। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति बने रहने के लिए अमेरिका को 1.5 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत है। ईरान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बैठक को लेकर ज्यादा चिंता नहीं दिखाई जा रही है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मानना है कि यह अमेरिका और चीन के बीच का द्विपक्षीय मामला है और इससे ईरान-चीन संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी कहा है कि अमेरिका, ईरान और चीन के मजबूत रिश्तों को प्रभावित नहीं कर सकता। ईरान का कहना है कि चीन के साथ उसका रिश्ता बेहद मजबूत, रणनीतिक और स्वतंत्र है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से साझेदारी बनी हुई है। ईरान और चीन ने साल 2020 में 25 साल की रणनीतिक साझेदारी समझौता किया था। इसमें राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और मध्य पूर्व क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दे शामिल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में युद्ध से प्रभावित करीब 80% इलाकों की मरम्मत पूरी कर ली गई है। सरकारी मीडिया आईआरआईबी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। तेहरान के उप-गवर्नर सैय्यद कमालुद्दीन मिर्जाफरियन ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में तेहरान प्रांत की 60 हजार से ज्यादा रिहायशी इमारतें प्रभावित हुई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध में ईरान को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। युद्ध के दौरान कई पुल, बंदरगाह, रेलवे नेटवर्क, विश्वविद्यालय, रिसर्च सेंटर, बिजली संयंत्र और वाटर प्यूरिफिकेशन प्लांट निशाना बने। इसके अलावा बड़ी संख्या में अस्पताल, स्कूल और आम लोगों के घर भी क्षतिग्रस्त या तबाह हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विदेश नीति और बयानों को लेकर एक्सपर्ट्स ने सवाल उठाए हैं।

सेंटर फॉर इंटरनेशनल गवर्नेंस इनोवेशन के सीनियर रिसर्चर इनार टैंगेन ने कहा कि ट्रम्प का रवैया काफी बदलता रहता है। कभी वह चाहते हैं कि चीन ईरान पर दबाव डाले, तो कभी कहते हैं कि इसकी जरूरत नहीं है। अल जजीरा से बातचीत में टैंगेन ने कहा कि ट्रम्प फिलहाल कुछ बड़ी राजनीतिक सफलताएं हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि होर्मुज में जारी तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अगले पल वह क्या करेंगे, यह कोई नहीं जानता। टैंगेन के मुताबिक, ट्रम्प की मैडमैन यानी अप्रत्याशित नेता वाली छवि अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में उनकी मदद नहीं कर रही है।

### ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का ह्ल51वां राज्यह्व बताया: अंतरिम राष्ट्रपति बोलीं- संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल' पर वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य दिखाने वाला ग्राफिक शेयर किया है। यह पोस्ट उस समय सामने आई, जब ट्रम्प चीन दौरे पर जा रहे थे। इससे एक दिन पहले वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा था कि उनका देश कभी भी अमेरिका का 51वां राज्य बनने पर विचार नहीं करेगा। ट्रम्प ने सोमवार को फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा था कि वे वेनेजुएला को अमेरिका का नया राज्य बनाने पर ह्यगंभीरता से विचारह्ल कर रहे हैं। उन्होंने वेनेजुएला के तेल भंडार का जिक्र करते हुए कहा था कि वहां के लोग उन्हें पसंद करते हैं। इसके जवाब में डेल्सी रोड्रिगेज ने हेग में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में सुनवाई के दौरान कहा, ह्लहम अपनी अखंडता, संप्रभुता, स्वतंत्रता और इतिहास की रक्षा करते रहेंगे। जनवरी में अमेरिकी बलों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाए जाने के बाद रोड्रिगेज ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। उनके नेतृत्व में वेनेजुएला ने तेल और खनन सेक्टर को विदेशी कंपनियों के लिए फिर से खोलने की दिशा में कदम उठाए हैं।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 1 | | | |
| 9 | | | | 4 | | 1 | | 3 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | |
| 2 | | | | | 7 | 9 | | 1 |
| | 9 | 7 | | 6 | | 3 | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | | 4 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | | |
| ■ | ■ | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. 1. समझ; बुद्धि; अकल 2. ज्ञान; विद्या 3. तमीज।

4. 1. ईंट का भट्ठा 2. भाड़।

6. न्यायालय या किसी कार्यालय में अभिलेखों की देखभाल करने वाला कर्मचारी या अधिकारी; (रिकॉर्ड कीपर)।

7. हठ करने वाला; जिद्दी; दुराग्रही; टेकी।

8. 1. धनुष; कमान; चाप 2. धनुर्धर 3. (ज्योतिष) बारह राशियों में से एक; (सैगिटेरिअस) 4. रेतीला तट 5. (ज्योतिष) फलित ज्योतिष में एक लग्न।

**ऊपर से नीचे**

2. एक ही महल्ले में रहने वालों में होने वाला आपसी बरताव या लेन-देन।

3. 1. करूणामय कृपा; अनुग्रह 2. दया 3. हमदर्दी; (कंपैशन)।

5. 1. कहकर मुकर जाना; इनकार करना 2. (घोड़े का) धीमी चाल से चलना।

6. 1. भीषण ताप; अत्यधिक गरमी 2. अधिक क्षेत्र में आग लगाना और उससे वस्तुओं को जलाना।

## पिछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | क | चा | ■ | ■ | 2 म |
| सी | ■ | ■ | 3 ए | ■ | हि |
| ■ | 4 दा | ■ | 5 क | 6 रा | ला |
| 7 अ | व | ले | प | न | ■ |
| 8 म | ना | ■ | दी | ■ | 9 पा |
| री | ■ | ■ | ■ | 10 रे | ट |
| 11 का | पा | लि | क | ■ | न |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 108 / 60 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | व | दि | ग | क | सो |
| धु | धी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | शी | लं | ग | गो | ग | व | व |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | र्ज | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | व | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | धी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



**सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। महज 38 साल की उम्र में उनकी मौत की खबर से लोग हैरान हैं। प्रतीक की जिंदगी उतार-चढ़ाव से भरी रही है। यादव परिवार से होने के बावजूद प्रतीक को राजनीति पसंद नहीं थी। वह कभी सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर नहीं आते थे। न ही मीडिया में कभी कोई बयान देते थे। वह अपनी कहानी सिर्फ सोशल मीडिया से बयां करते थे। प्रतीक जब 3 साल के थे, तभी उनके माता-पिता का तलाक हो गया। फिर मां साधना ने मुलायम सिंह यादव से शादी की। मुलायम ने प्रतीक को बेटे का हक दिया। प्रतीक ने 15 साल पहले अपर्णा बिष्ट से लव मैरिज की। इसके बाद प्रतीक कभी पत्नी से विवाद, तो कभी प्रॉपर्टी विवाद को लेकर ही चर्चा में आए। करीबी बताते हैं कि प्रतीक ने धीरे-धीरे दोस्तों से भी दूरी बना ली थी। कहा जा रहा है कि प्रतीक पल्मोनरी एम्बोलिज्म जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।**

# लग्जरी कार और बॉडी बिल्डिंग के शौकीन थे प्रतीक यादव

## राजनीति से दूर, अपर्णा से लव-मैरिज, फिर विवाद; 13 दिन पहले भी अस्पताल में भर्ती थे

करीबी बताते हैं कि प्रतीक ने धीरे-धीरे दोस्तों से भी दूरी बना ली थी। कहा जा रहा है कि प्रतीक पल्मोनरी एम्बोलिज्म जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। लेकिन इसकी जानकारी सिर्फ परिवार तक ही सीमित थी। 13 दिन पहले यानी 30 अप्रैल को भी प्रतीक की तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें लखनऊ के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 3 दिन बाद आराम मिल गया था। इसके बाद बिना डॉक्टर की परमिशन लिए प्रतीक घर चले गए थे।

प्रतीक यादव की शुरूआती पढ़ाई लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीकॉम किया। फिर ब्रिटेन चले गए और यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स से एमबीए किया।

पढ़ाई पूरी कर जब वे भारत लौटे, तो पिता मुलायम चाहते थे कि वह राजनीति में कदम रखें। लेकिन प्रतीक ने राजनीति की राह नहीं चुनी और रियल एस्टेट में अपनी किस्मत आजमाने लगे।

### बचपन में पिता ने छोड़ा, फिर मां ने मुलायम से शादी की

7 जुलाई 1987 में फरुर्खाबाद के व्यवसायी चंद्रप्रकाश गुप्ता के घर प्रतीक का जन्म हुआ। मां साधना नर्स थीं। लेकिन एक साल बाद ही पिता चंद्रप्रकाश गुप्ता ने उनकी मां को छोड़ दिया। तीन साल बाद यानी 1990 में दोनों का तलाक हो गया। बहुत कम उम्र में प्रतीक की दुनिया सिर्फ मां तक सिमट गई। उस वक्त साधना सैफई मेडिकल कॉलेज में तैनात थीं।

एक बार मुलायम की मां मूर्ति देवी की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक नर्स मूर्ति देवी को गलत इंजेक्शन लगाने जा रही थी। उस समय साधना वहां मौजूद थीं और उन्होंने नर्स को ऐसा करने से रोक दिया।

साधना की वजह से ही मूर्ति देवी की जान बची थी। मुलायम इससे काफी प्रभावित हुए और दोनों के बीच रिश्ता शुरू हो गया। 2007 में साधना ने मुलायम सिंह यादव से शादी कर ली।







इसके बाद प्रतीक को मुलायम ने अपना लिया। 2007 में मुलायम ने अपने खिलाफ चल रहे आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक शपथपत्र दिया। इसमें लिखा था- मैं स्वीकार करता हूं कि साधना गुप्ता मेरी पत्नी हैं और प्रतीक मेरा बेटा है। चार साल पहले साधना गुप्ता का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

### प्रतीक यादव

बिजनेसमैन। 'द फिटनेस प्लैनेट' जिम ओनर।



मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी के बेटे।




सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई।

**पढ़ाई**
ब्रिटेन से उच्च शिक्षा हासिल की।

**शादी**
4 दिसंबर 2011



## पत्नी और कारोबार की वजह से सुर्खियों में रहे

तलाक का ऐलान किया, 9 दिन बाद सुलह हुईः प्रतीक यादव ने 19 जनवरी को अचानक पत्नी अपर्णा से तलाक लेने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने कहा था- अपर्णा ने मेरी जिंदगी नरक बना दी। हालांकि, 9 दिन बाद दोनों के बीच सुलह हो गई।

इंस्टाग्राम पर प्रतीक ने अपर्णा के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- सब अच्छा है। चैंपियन वो होते हैं, जो अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल समस्याओं को खत्म कर देते हैं। हम चैंपियंस का परिवार हैं।

कारोबारी पर 5 करोड़ की रंगदारी मांगने की ऋक्षक्र कराईः प्रतीक रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़े हुए थे।10 महीने पहले उन्होंने रियल एस्टेट कारोबारी कृष्णानंद पांडेय के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में ऋक्षक्र दर्ज कराई गई थी। उन्होंने कारोबारी पर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया था।

कृष्णानंद पांडेय कभी प्रतीक के पार्टनर रहे थे। प्रतीक के साले चंद्रशेखर सिंह बिष्ट उर्फ अमन बिष्ट के साथ अलग-अलग कंपनियों में डायरेक्टर भी रहे। प्रतीक के ज्यादातर कारोबार अपर्णा के भाई चंद्रशेखर सिंह बिष्ट के नाम पर बनाई गई कंपनियों के माध्यम से चलते थे। चंद्रशेखर ने 2012 में सपा सरकार बनने के बाद 17 कंपनियां रजिस्टर कराईं। इनमें 12 जुलाई 2012 से लेकर 29 अप्रैल 2016 तक कुल 16 कंपनियों में उन्हें डायरेक्टर या डिज़िग्नेटेड डायरेक्टर नियुक्त किया गया।

एक अन्य कंपनी में 1 मई 2018 को वे बतौर डायरेक्टर नियुक्त हुए। इनमें से ज्यादातर कंपनियां रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार के तौर पर रजिस्टर थीं।

### पत्नी अपर्णा मूल रूप से उत्तराखंड की

अपर्णा बिष्ट यादव का जन्म 1 जनवरी 1990 को हुआ था। उनकी स्?कूली पढ़ाई लखनऊ के लोरेटो कॉन्वेंट से हुई। अपर्णा का परिवार मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। अपर्णा के पिता जर्नलिस्ट थे, बाद में राज्य सूचना आयुक्त बने। जबकि मां अम्बी बिष्ट लखनऊ विकास प्राधिकरण में संपत्ति अधिकारी रहीं हैं। अब माता-पिता दोनों रिटायर हो चुके हैं।

अपर्णा ने 2017 सपा के टिकट पर लखनऊ में विधानसभा चुनाव लड़ा। हालांकि, वह भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी से हार गईं थीं। 2022 में सपा ने अपर्णा को टिकट नहीं दिया तो अपर्णा सपा छोड़ भाजपा में शामिल हो गईं। अपर्णा 2022 विधानसभा चुनाव में लखनऊ की सरोजिनी नगर सीट से भाजपा का टिकट भी मांग रही थीं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। बाद में 2024-25 में महिला आयोग की उपाध्यक्ष बनाया। अपर्णा मुलायम परिवार की पहली शख्स थीं, जो कि सपा छोड़कर भाजपा में गईं।

### पिता ने चैलेंज दिया, तो जिम का शौक चढ़ा

एक बार प्रतीक यादव का वजन 103 किलो हो गया था। पिता मुलायम सिंह ने उन्हें देखा तो कहा- वजन कम करो, तो तुम्हें बड़ा इनाम देंगे। प्रतीक ने पिता का चैलेंज स्वीकार किया और वजन घटाने के लिए जिम जाना शुरू किया।

उन्होंने अपना वजन 36 किलो तक घटा लिया। यहीं से उन्हें जिम का शौक चढ़ गया। इसके बाद उन्होंने लखनऊ के गोमतीनगर में जिम भी खोल लिया और बॉडी बिल्डिंग करने लगे। रियल एस्टेट बिजनेस और जिम से पैसा आने पर उन्हें लग्जरी कारों का भी शौक हो गया। उन्होंने लैंबोर्गिनी और पोर्शे जैसी गाड़ियां खरीदीं। वे ह्यजीव आश्रय फाउंडेशनह्ल नाम की एक एनजीओ भी चलाते थे, जो पशु कल्याण और बेघर लोगों की मदद जैसे सामाजिक कार्यों पर फोकस करती थी।

■ वर्ष-12 अंक-190 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 14 मई, 2026

### सुभाषितानि

आयुः कर्म च विद्या च वित्तं निधनमेव च।
पञ्चैतानि विलिख्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिनः।।

**भावार्थ** : आयुष, (स्थिर) कर्म, विद्या (शाखा का), वित्त (गौरव का), और मृत्यु, ये पांचों शरीर के गर्भ में स्थित हैं।

**द्यूतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।**
**स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।**

**भावार्थ** : जुआ, वाद्य, नाट्य (कहानी/फिल्म), महिलाओं (या पुरुषों) से लगाव, नींद और नींद ये सीखने में गड़बड़ी के छह रूप हैं।

## सम्पादकीयम्

### वैवाहिकबलात्कार

यदि स्त्रियाः (अविवाहिता) १५ वर्षाधिका अस्ति तर्हि तस्याः सहमतिः अप्रासंगिकः इति गण्यते। तद्विपरीतम् यदि स्त्रियाः भार्या भवति, १५ वर्षाधिका च भवति तर्हि तत् कृत्यं बलात्कारत्वेन वगीकृतं न भवति। परन्तु २०१७ तमस्य वर्षस्य अक्टोबर-मासस्य ११ दिनाङ्के प्रदत्तेन निर्णये सर्वोच्चन्यायालयेन १५ वर्षाणां आयुःसीमायाः विषये अपवादः निरस्तः; न्यायालयेन निर्णयः कृतः यत् यदि पत्नी १५ तः १८ वर्षाणां मध्ये भवति, तस्याः इच्छाविरुद्धं यौनसम्बन्धः बाध्यः भवति तर्हि सा भर्तुः विरुद्धं बलात्कारस्य प्रकरणं दातुं अर्हति बीएनएस-अन्तर्गतं परिभाषा : नूतनकानूनीरूपरेखायाः अन्तर्गतं यदि नाबालिगपत्नी घटनायाः एकवर्षस्य अन्तः शिकायतां दाखिलं करोति तर्हि तत् बलात्कारस्य प्रकरणरूपेण व्यवह्रियते। तद्विपरीतम् अस्य तात्पर्यं यत् यदि एतादृशी शिकायतां न दाखिलं भवति तर्हि कोऽपि प्रकरणः पञ्जीकृतः न भविष्यति। अधुना नूतनस्य भारतीयन्यायसंहिता इत्यस्य धारा 63 इत्यस्य अनुसारं यदि कश्चन व्यक्तिः स्त्रियाः सह बलात् यौनसम्बन्धं करोति वा तस्याः निजभागेषु किमपि वस्तु प्रविशति तर्हि बलात्कारः भवति। 'निर्भया' प्रकरणस्य पश्चात् बलात्कारस्य परिभाषा महत्त्वपूर्णतया विस्तृता अभवत्। सुरक्षासम्बद्धाः प्रश्नाः बलात्कारकायदानेषु संशोधनस्य अनन्तरं विवाहस्य अन्तः असहमतिपूर्णानि अप्राकृतिककार्याणि अधुना अपवादस्य व्याप्तेः अन्तर्गताः अभवन्।

राष्ट्रीयलोकअदालतस्य करदातृणां कृते प्रमुखराहतः

## सम्पत्तिजलकरयोः अतिरिक्तशुल्केषु शतप्रतिशतम्पर्यन्तं माफी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

नगरस्य करदातृभ्यः महतीं राहतं प्रदातुं नगरनिगमेन पुरातनं बकाया करबकायाः निपटानार्थं सुवर्णमयं अवसरं प्रदत्तम्। मध्यप्रदेशसर्वकारस्य नगरविकास-आवास-विभागस्य मन्त्रालयस्य (भोपाल) निदेर्शानुसारं कार्यं कुर्वन् नगरनिगमेन वार्षिकराष्ट्रीयलोक-अदालतस्य समये सम्पत्तिकरस्य जलकरस्य च अतिरिक्तशुल्केषु पर्याप्तं माफीं प्रदातुं निर्णयः कृतः, यत् शनिवासरे, ९ मे, २०२६ दिनाङ्के भवितुं निश्चितम् अस्ति, अस्याः योजनायाः अन्तर्गतं करदातृभ्यः तेषां बकायाः एकमुश्तं भुक्तिं कृत्वा अतिरिक्तशुल्केषु शतप्रतिशतम्। निगमप्रशासनेन उक्तं यत् 'एकवारं निपटानयोजनायाः' भागः एषा सुविधा एकवारमेव उपलभ्यते।

उपक्रमस्य विषये विवरणं दत्त्वा नगरपालिका आयुक्तः रामप्रकाश अहिरवारः व्याख्यातवान् यत् मध्यप्रदेश नगरपालिकाधिनियमस्य धारा १६२ तथा १६३ अन्तर्गतं निहितानाम् अधिकारानां प्रयोगं कृत्वा एषा विशेषमाफी प्रदत्ता भवति।उद्देश्यः नगरस्य नागरिकेभ्यः राहतं प्रदातुं दीर्घकालीनकरस्य पुनर्प्राप्त्यर्थं सुविधां कर्तुं च अस्ति ऋणम्। निगमप्रशासनं पूवार्नुमानं करोति यत्, एतस्याः योजनायाः माध्यमेन, बहूनां जनाः स्वस्य बकाया करदायित्वं स्वच्छं कर्तुं अवसरस्य लाभं गृह्णन्ति।

नगर आयुक्तस्य मते सम्पत्तिकरसम्बद्धेषु प्रकरणेषु यत्र कुलबकायाराशिः (करः अतिरिक्तशुल्कः च द्वौ अपि समाविष्टौ) 50,000 पर्यन्तं भवति, तत्र अतिरिक्तशुल्कघटकस्य उपरि 100 प्रतिशतपर्यन्तं माफी प्रदत्ता भविष्यति। तद्विपरीतम्, यत्र बकाया राशिः 50,000 अधिका भवति परन्तु 100,000 सीमायाः अन्तः एव तिष्ठति, तत्र अतिरिक्तशुल्के 50 प्रतिशतं यावत् माफी प्रयोज्यः भविष्यति। अपि च, 100,000 अधिकं बकायाबकाशं येषां करदातृणां कृते अतिरिक्तशुल्के 25 प्रतिशतं यावत् राहतं प्रदत्तं भविष्यति।

तथैव जलकरस्य बकायाः कृते अपि विशेषराहतपरिहाराः घोषिताः सन्ति। यत्र जलकरस्य अतिरिक्तशुल्कस्य च कुलबकायाः राशिः 10,000 पर्यन्तं भवति, तत्र अतिरिक्तशुल्कस्य 100% माफी प्रदत्ता भविष्यति। तद्विपरीतम्, 10,000 तः अधिकस्य बकायाबकायानां कृते परन्तु 50,000 तः न्यूनस्य कृते 75% पर्यन्तं माफी प्रदत्ता भविष्यति। अपि च, यत्र बकाया राशिः 50,000 अधिकं भवति, तत्र अतिरिक्तशुल्के 50% पर्यन्तं राहतं विस्तारितं भविष्यति। नगरनिगमप्रशासनेन स्पष्टीकृतं यत् एषा माफी एकवारं भवति; केवलं ते करदाताः एव तस्य लाभस्य लाभं प्राप्तुं योग्याः।

प्रत्युत औद्योगिक-एककाः

## क्रमेण निरुद्धाः भवितुम् आरब्धवन्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सः युगः मोहनलाल सुखदियायाः आसीत्। तदा उद्योगाः अल्पाः आसन्, परन्तु तेषु सम्बद्धाः आशाः अपारः आसीत्। ततः दीर्घं भयानकं मौनम् आगतं। वर्षाणि यावत् किमपि नवीनं न उद्भूतम्। प्रत्युत औद्योगिक-एककाः क्रमेण निरुद्धाः भवितुम् आरब्धवन्तः। फाल्नानगरे निर्मिताः छत्राः एकदा सम्पूर्णे राष्ट्रे विक्रीयन्ते स्म; राणीयां उत्पादिताः पिकक्साः, फाल्तुः च प्रत्येकस्य कृषिक्षेत्रस्य गौरवम् आसीत्। तथापि तेषां द्वारेषु एकैकशः तालानि प्रहारितानि आसन्। क्रमिकसरकाराः केवलं पार्श्वे स्थित्वा पश्यन्ति स्म; न कश्चित् हस्तक्षेपं कर्तुं साहाय्यं कर्तुं वा कष्टं कृतवान्। हरिदेव जोशी आगत्य गतः; भैरोनसिंह शेखावतः पतङ्गं स्वीकृतवान्; जगन्नाथपहाडिया इत्यस्य अपि वारः आसीत्। शिवचरण माथुरः मुख्यमन्त्रीरूपेण कार्यं कृतवान्, तथैव वसुन्धराराजः अपि। नौकरशाहाः स्वपुटं सङ्गृह्य बहिः स्थानान्तरं कृतवन्तः, मुख्यमन्त्रिणः च परिवर्तन्ते स्म, तथापि गोडवाडस्य भाग्यं अपरिवर्तितं एव आसीत्। काङ्ग्रेस-भाजपा-पक्षयोः नेतृत्वे सर्वकाराः आगच्छन्ति गच्छन्ति स्म। घोषणाः कृताः, प्रतिज्ञाः च वितरिताः, परन्तु गोडवाडः विकासस्य आगमनस्य प्रतीक्षां कुर्वन् आसीत्-मौनेन धैर्यपूर्वकं च। हा, विकासः कदापि न आगतः। प्रवासिनः उद्योगस्थापनार्थं पुनरागमनं आरभन्ते। यदि मुख्यमन्त्री भजनलालशर्मा यथार्थतया स्वस्य मनः तस्मिन् स्थापयति तर्हि गोडवाडस्य परिदृश्ये पूर्णं परिवर्तनं भवितुम् अर्हति-बशर्ते अवश्यमेव मूलभूतसुविधाः उपलब्धाः स्युः। अस्मिन् समये जलस्य पूर्णा आपूर्तिः, आवश्यकतानां पूर्तये पर्याप्तमात्रायां विद्युत् च प्राप्तुं समावेशः अस्ति। मार्गसंरचनासुधारः, परिवहनजालस्य सुव्यवस्थितीकरणं।

## मोटरयुक्तानां क्रूज-यानानां संचालनं निषिद्धं कृत्वा निर्देशाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

पीआईएल-पत्रिकायां राज्यसर्वकारः, सांसदपर्यटनमण्डलं, आईडब्ल्यूएआई (भारतस्य आन्तरिकजलमार्गप्राधिकरणं), जबलपुरस्य कलेक्ट, पुलिसाधीक्षकः च (एसपी) इत्यादयः अष्टप्रतिवादिनां नामानि सन्ति उच्चन्यायालये दाखिला याचिका राज्ये जलपर्यटनस्थलेषु संचालितानाम् सवेर्षां क्रूज, हाउसबोट्, मोटरबोट् सेवानां व्यापकसुरक्षालेखापरीक्षां याचते; राज्यस्तरीयसुरक्षाविनियमानाम् कार्यान्वयनम्; तथा उत्तरदायी अधिकारिणां उत्तरदायित्वनिर्धारणम्। याचिकायां अपि उल्लेखितम् अस्ति यत् बार्गी-जलबन्धः आर्द्रभूमिक्षेत्रे अन्तर्भवति। २०२३ तमे वर्षे एनजीटी इत्यनेन एतादृशेषु क्षेत्रेषु मोटरयुक्तानां क्रूज्-यानानां संचालनं निषिद्धं कृत्वा निदेर्शाः जारीकृताः- एतत् निर्णयः तदनन्तरं सर्वोच्चन्यायालयेन समर्थितः तदपि अस्मिन् क्षेत्रे कार्याणि निरन्तरं प्रचलन्ति।

### राशिफल

**मेष** : रिलेशनशिप के मामले में कई दिक्कतों के बावजूद, यह जरूरी होगा क्योंकि आप दिन खत्म होने से पहले उन्हें सुलझा लेंगे।

**वृषभ** : 14 मई के दिन आपकी एनर्जी अच्छी है और लोग आपके प्रयासों पर ध्यान देंगे। क्लियर तौर पर बात करें।

**मिथुन** : 14 मई के दिन आपको ज्यादा से ज्यादा सेविंग्स करने के ऑप्शन दिखेंगे। आज के दिन सेहत से समझौता न करें।

**कर्क** : 14 मई के दिन छोटे कामों को ऑर्गनाइज करें, डिटेल्स चेक करें, और मुश्किल हिस्सों के लिए मदद मांगें।

**सिंह** : 14 मई के दिन रोमांस से जुड़े मामलों को संभालें और ऑफिस में नई जिम्मेदारियां लें। फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट में सावधान रहें।

**कन्या** : 14 मई के दिन हर पूरे हुए काम का जश्न मनाएं। जिज्ञासा आपको मददगार लोगों से मिलवाती है।

**तुला** : गलतियां कम होंगी। आपको गर्व महसूस होगा। तरक्की करने के लिए लिस्ट, रेगुलर रूटीन और शांत फोकस का इस्तेमाल करें।

**वृश्चिक** : रिलेशनशिप को रोमांचक और प्रोडक्टिव बनाए रखें। आज के दिन पॉजिटिव सोच के साथ काम के तनाव को दूर करें।

**धनु** : 14 मई के दिन रोमांस से जुड़े मामलों को संभालें। ऑफिस में आज के दिन नई जिम्मेदारियां लें।

**मकर** : 14 मई के दिन आज दोस्तों के साथ उम्मीद बांटें, सीखें बढ़ें, मुस्कुराएं, रुकें, प्लान बनाएं और आराम करें।

**कुंभ** : 14 मई के दिन अपने रिलेशन में पार्टनर के साथ असहमति को सुलझाएं और बेहतरीन प्रोफेशनल नतीजे देते रहें।


**मीन** : 14 मई के दिन सामाजिक अवसर और क्रिएटिव आइडिया आएंगे। साफ-साफ बोलें और सावधानी से काम करें।

### ज्योतिष/वास्तु

## अरुण ग्रह का कृतिका नक्षत्र में गोचर, इन राशियों को मिलेगा लाभ

कृत्तिका नक्षत्र में अरुण ग्रह गोचर से धन लाभ, करियर ग्रोथ और नई शुरूआत के योग बनेंगे। जानें किन 3 राशियों को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा।

ज्योतिष शास्त्र में अरुण ग्रह का गोचर अचानक बदलाव, नई तकनीक, नए अवसर और जीवन में बड़े परिवर्तन का प्रतीक माना जाता है। जब यह ग्रह सूर्य के कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो इसका प्रभाव और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि कृत्तिका नक्षत्र ऊर्जा, साहस और नेतृत्व क्षमता से जुड़ा हुआ है। इस अवधि में धन लाभ, करियर में उन्नति, व्यवसाय में प्रगति और अचानक सफलता के



मजबूत योग बनते हैं। द्रिक पंचांग के अनुसार, 12 मई 2026 को सुबह 05:23 बजे अरुण ग्रह का कृत्तिका नक्षत्र में गोचर हुआ। इस विशेष गोचर से कुछ राशियों के रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे और लोग नई सोच और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। आइए जानते हैं वे भाग्यशाली राशियां कौन-सी हैं जिन पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा।

**मेष राशि-** अरुण ग्रह के कृत्तिका नक्षत्र में गोचर से मेष राशि वालों के अटके हुए काम धीरे-धीरे बनने लगेंगे। करियर में जो परेशानियाँ चल रही थीं, वे कम होंगी और नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को अच्छे मौके मिल सकते हैं। व्यापार में नए संपर्क फायदे देंगे और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रुका हुआ पैसा वापस मिलने की भी संभावना है। परिवार में सम्मान बढ़ेगा और आत्मविश्वास मजबूत रहेगा, जिससे बड़े फैसले लेना आसान होगा। डिजिटल और ऑनलाइन काम करने वालों को खास लाभ मिल सकता है।

**सिंह राशि-** इस गोचर से सिंह राशि वालों के लिए सफलता और प्रगति के रास्ते खुल सकते हैं। लंबे समय से जिसका इंतजार था, वह अब धीरे-धीरे पूरा होता दिखेगा। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और प्रमोशन या वेतन बढ़ने की संभावना बन सकती है। व्यापार में नई योजनाएँ लाभ दे सकती हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में रिश्ते अच्छे रहेंगे और पढ़ाई कर रहे लोगों का ध्यान और प्रदर्शन बेहतर होगा। नए काम शुरू करने के लिए यह समय अनुकूल माना जा रहा है।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए यह गोचर बड़े बदलाव लेकर आ सकता है। करियर में नए मौके मिलेंगे और जिम्मेदारियाँ बढ़ेंगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। व्यापार में विस्तार और साझेदारी से लाभ के योग हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और अचानक धन लाभ भी मिल सकता है। पुराने विवाद खत्म होने और रिश्तों में सुधार की संभावना है। यात्रा के योग बन सकते हैं। शिक्षा, मीडिया, तकनीक या क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों को खास सफलता मिल सकती है।

## खबर एक नजर...

### मजदूर दंपति ने पहचाना, पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** चेरिटेबल अस्पताल से कुछ दूरी पर सोमवार रात बेहोशी की हालत में वृद्ध पड़ा मिला था। जिसे पुलिस की एफआरवी ने उपचार के लिये अस्पताल पहुंचा था। मंगलवार शाम वृद्ध की मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पहचान के प्रयास शुरू किये। पुलिस को उसके पास कागज पर लिखे 2 मोबाइल नम्बर मिले। जिस पर संपर्क करने के बाद पता चला कि मृतक मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। एएसआई जयप्रकाश शर्मा ने उक्त नम्बर धारक को पहचान के लिये पोस्टमार्टम कक्ष बुलाया। बुधवार को पप्पू बाघमरे निवासी बैतूल और उसकी पत्नी पहुंचे। पप्पू ने बताया कि वह भी भूखी माता मार्ग पर झोपड़ी में रहकर मजदूरी करता है। वृद्ध को बाबा नाम से पहचानते थे, उसने साथ में मजदूरी की है। बाबा खुद को जोधपुर का रहने वाला बताता था। 15 दिन पहले उसकी पत्नी की भी मौत हो गई थी। उसके परिवार में कोई और नहीं है। एएसआई जयप्रकाश शर्मा के अनुसार परिवार के किसी व्यक्ति से संपर्क नहीं होने और हिन्दू होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव का चक्रतीर्थ पर अंतिम संस्कार कराया गया है।

### महाकाल लोक में धक्का लगने पर गिरी महिला घायल

**उज्जैन।** इंदौर का कुशवाह परिवार मंगलवार को महाकाल दर्शन करने आया था। शाम को दर्शन के बाद परिवार के 7 सदस्य महाकाल लोक घूमने पहुंचे। इस दौरान वहां कुछ युवक घूम रहे थे भीड़ की वजह से परिवार की महिला सरोज कुशवाह 45 वर्ष को धक्का लगा और संतुलन बिगड़ने पर गिर गई। जिसके चलते उनके सिर में चोंट लगी। परिवार स्थानीय लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां सिर में लगी चोंट गहरी होने पर डॉक्टरों ने सिर में पांच टांके लगाये। परिवार सरोज कुशवाह का आगे के उपचार के लिये इंदौर ले गया। फिलहाल मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### घायल की मौत होने पर बुलेट चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम खेडावदा में 23 अप्रैल को बाइक और बुलेट के बीच हुई टक्कर में शंकरलाल पिता बगदीराम परमार 65 साल निवासी ग्राम ढिकवा बिलपांक रतलाम गंभीर घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां कुछ दिन चले उपचार के बाद मौत हो गई थी। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। मामले की जांच के लिये मर्ग डायरी भाटपचलाना थाना पुलिस को भेजी गई थी। पुलिस ने मंगलवार रात बुलेट चालक के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज कर लिया। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। अब उसकी तलाश की जारी है।

### रास्ता रोक तीन बदमाशों ने कार में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** ग्राम तालोद में रहने वाला आकाश पिता बाबूलाल मालवीय 29 साल कार में सवार होकर नागझिरी थाना क्षेत्र के विक्रमनगर चौराहा से रात 1 बजे गुजर रहा था। उसी दौरान उसका रास्ता 3 बदमाशों ने रोका और शराब पीने के रुपयों की मांग करने लगे। आकाश ने रुपए देने से मना किया और उसे कार से बाहर निकालकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए कार में तोड़फोड़ कर दी। नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार आकाश की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। बदमाशों के नाम मोहित मीणा, जगदीश मंडोर और अजय निवासी विजयागंजमंडी देवास होना सामने आये है। जिनकी तलाश की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 679-2 |
| मेन बाजार | 369-8 | 127-0 |
| मिलन डे | 247-3 | 789-4 |
| मिलन नाइट | 148-3 | 189-8 |

5 6 9

### अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान गई थी जान, दस्तावेज-डिग्री की गई जप्त

# छात्रा की मौत के 4 दिन बाद गिरफ्त में डॉक्टर-संचालक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान हुई कक्षा 7 वीं की छात्रा की मौत के मामले में चार दिन बाद बुधवार को पुलिस ने डॉक्टर और क्लीनिक संचालक को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में दोनों को कोर्ट पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

मंछामन कालोनी में संचालित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में शनिवार को मजदूर परिवार की 11 वर्षीय बालिका दीपिका पिता मनोहर डाबी की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने लापरवाही का आरोपी लगाकर हंगामा किया था और देर रात तक आगररोड पर चक्काजाम किया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मृतक बालिका की मां मंजूबाई डाबी की शिकायत पर क्लीनिक संचालक राजेश चौहान निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर देवेश तिवारी निवासी बसंत विहार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1), 3 (5) का मामला दर्ज किया था। चार दिन बाद दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थान प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद डॉक्टर की डिग्री जप्त की गई है, वहीं राजेश चौहान से क्लीनिक संबंधित दस्तावेज और उसकी बीईएमएस डिग्री बरामद कर विवेचना में ली गई है। डॉ. देवेश तिवारी स्वास्थ्य विभाग में एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर है।



### मौत की वजह फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद

कक्षा सातवी में पढ़ने वाली छात्रा की मौत के बाद सात डॉक्टरों की पैनल ने पोस्टमार्टम किया था। इस दौरान शार्ट रिपोर्ट में छात्रा का हार्ट और फेफड़े फैल होना सामने आया था, बावजूद छात्रा का बिसरा जांच के सागर फॉरेंसिक लेब भेजा गया है। जहां से रिपोर्ट मिलने पर मामले में आगे की जांच शुरू की जायेगी। छात्रा की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही के आरोप लगाये थे और बताया कि एक माह से पॉली क्लीनिक नोबल में उपचार कराया था। शनिवार को ऑपरेशन के लिये बुलाया गया था, उस दौरान तक बालिका पूरी तरह ठीक थी।

### निजी अस्पताल में छोड़ भागे थे कर्मचारी

जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में छात्रा का ऑपरेशन किया गया था, जहां उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। जिसके चलते परिवार को स्थिति स्पष्ट किये बिना क्लीनिक के कर्मचारी फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर गये थे। जहां डॉक्टरों ने बालिका की मौत होना बताया तो क्लीनिक के कर्मचारी बालिका को छोड़ भाग निकले थे। पुलिस द्वारा कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जा सकता है।

# 63 लाख में मकान सौदा कर हड़पे 26.50 लाख

### ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराने के बाद दूसरे के नाम की रजिस्ट्री

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फ्रीगंज क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने पति के भाई के साथ मिलकर मकान का सौदा किया और 26.50 लाख रुपए हड़प लिये। महिला के पति का निधन होने के बाद महिला और उसका रिश्तेदार मकान की रजिस्ट्री दूसरे के नाम कर लापता हो गये। मामले में माधवनगर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

कार्तिक चौक महादजी मार्ग पर रहने वाले विशाल पिता किशोर शर्मा ने 28 फरवरी 2023 में राजकुमार तिवारी और उसकी पत्नी अर्चना तिवारी से एके बिल्डिंग के पास फ्रीगंज में मकान का सौदा 63 लाख में किया था। डेढ़ लाख रुपए नगद देने के बाद 25 लाख का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन 2 से 3 खातों में किया। शेष राशि रजिस्ट्र कराने पर देना तय किया गया। इस बीच 9 जुलाई 2023 को राजकुमार का निधन हो गया। इस दौरान विशाल शर्मा उनके यहां शोक प्रगट करने भी गये। उस वक्त अर्चना शर्मा ने आश्वासन दिया कि पगड़ी कार्यक्रम के बाद पति के नाम दर्ज मकान का नामांतरण कराकर रजिस्ट्री करा दी जायेगी। लेकिन सालभर बाद भी नामांतरण नहीं कराया गया और कहा गया कि अभी रजिस्ट्री कराने में असमर्थ है। 2-3 माह में नामांतरण कराकर रजिस्ट्री करा दी जायेगी। पति की मौत के बाद अर्चना ने स्वर्गवासी पति के भाई मनीष तिवारी के अकाउंट में भी राशि का ट्रांजेक्शन कराया। समय गुजरने के साथ जनवरी 2024 में पता चला कि उक्त मकान अर्चना और मनीष ने मिलकर इंदौर की रहने वाली संगीता पति अजय तिवारी को बेच दिया है। जिसकी प्रमाणित प्रतिलिपि स्टॉम्प वेंडर के माध्यम से प्राप्त की गई तो 26.50 लाख की धोखाधड़ी होना सामने आया। दोनों उसके बाद लापता हो भी हो गये। विशाल शर्मा ने मामले में आवेदन कर अर्चना तिवारी और मनीष तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराने की शिकायत की। पुलिस ने लम्बी जांच प्रक्रिया के बाद 12 मई 2026 को दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि दोनों आरोपितों का पता लगाया जा रहा है। जल्द गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# छह साल बाद गिरफ्त में आया डकैती में फरार आरोपी, 10 हजार का था इनाम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 6 साल पहले चौकीदार को बंधक बनाकर सात बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया था। पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। एक बदमाश लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। फरार बदमाश को मंगलवार-बुधवार रात देवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 24 दिसंबर 2020 को आधी रात में ग्राम मौलान स्थित नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 2 व्यक्ति पानी पीने के बहाने आये थे, चौकीदार ने उन्हें रोका तो दोनों के अन्य साथी भी तलवार-कट्टे से लैस होकर फैक्ट्री में घुस गये थे। बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर फैक्ट्री के शटर का ताला काटा गया था और गोदाम में रखी 50 बोरी नट बोल्ट, 50 नग थ्रेशर पुली, पाइप काटने का कटर, 40 बोरी सोयाबीन, खाली गैस टंकी, डीपी ऑयल, 3 सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर लूट लिया था। मामले में चौकीदार की सूचना पर धारा 458, 380 का प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद धारा 395 और 411 का इजाफ किया। छह बदमाशों को कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में फारुख पिता अहमद हुसैन निवासी रसूलपुर जिला देवास लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। 6 साल बाद खबर मिली कि बदमाश फारूख अपने घर रसूलपुर आया हुआ है। तत्काल एक टीम देवास रवाना की गई और रात में उसे घेराबंद कर हिरासत में लिया। जिसे बड़नगर लाने के बाद बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, लूट और डकैती के 7 संगीन मामले दर्ज है।



# झोले में छुपाकर 2 युवक ला रहे थे अंग्रेजी शराब, बाइक भी जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास की ओर से बिना नम्बर की बाइक पर सवार 2 युवक झोले में छुपाकर अंग्रेजी शराब ला रहे थे। खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से 54 हजार की शराब और 1.20 लाख की बाइक जप्त की गई। दोनों से रिमांड पर पूछताछ की जा रही है।

नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि मंगलवार रात खबर मिली थी कि बिना नम्बर की बाइक पर सवार 2 युवक हजारों की अंग्रेजी शराब झोले में छुपाकर ला रहे है। खबर सामने आने पर आरक्षक रोहित मिश्रा, गजेन्द्र दुबे, वीरेन्द्रसिंह और चालक रामबाबू पटेल के साथ गरोठ ब्रिज के नीचे जवासिया मार्ग पर घेराबंदी की गई। बाइक पर आते 2 युवक दिखाई दिये जिनके पास झोले थे। दोनों को रोका गया और झोलों की तलाशी ली गई तो उसमें अंग्रेजी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। पूछताछ करने पर दोनों के नाम रवि पिता राजेश मालवीय 22 साल और दीपक पिता मदनलाल चौहान 20 साल निवासी ग्राम सुमराखेड़ा विजयगंज मंडी सामने आये। एसआई वेद ने बताया कि उनके पास से बरामद शराब 312 क्वार्टर कीमत 54 हजार की है, जिसके वैध दस्तावेज नहीं होने पर मामले में आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। बिना नम्बर की एक्सट्रीम बाइक की कीमत 1.20 लाख रुपए पाई गई। दोनों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शराब आगरोद से आकाश जयसवाल ने उपलब्ध कराई थी। जिसकी तलाश के लिये एक टीम रवाना की गई है।



### दशहरा मैदान से पकड़ाया युवक

अवैध शराब के मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात दशहरा मैदान से टोंककलां के रहने वाले महेश पिता रूपसिंह हाडा को हिरासत में लिया। जिसके पास से झोले में भरे देशी शराब के 258 क्वार्टर बरामद किये गये। प्रधान आरक्षक चैतन्य जौहरी ने बताया कि बरामद शराब 25 हजार रुपए से अधिक कीमत की है। आरोपित के खिलाफ अवैध शराब का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com